हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 22 जनवरी 2025



एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## भाजपा में सामान्य वर्ग को प्रत्याशी बनाने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




राजनांदगांव महापौर पद के अनारक्षित होने के बाद अब सामान्य वर्ग से ही प्रत्याशी बनाए जाने की मांग तेज हो गई है। भाजपा संगठन में प्रदेश स्तर पर इस आशय की मांग को लेकर माहौल भी बन रहा है। इधर कांग्रेस में जिन दावेदारों के नाम चल रहे हैं, उनमें अधिकांश सामान्य वर्ग के ही हैं।

उल्लेखनीय है कि शहर के महापौर का पद अनारक्षित होने के बाद से ही दावेदारों में जबर्दस्त उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों में थोक में दावेदार सामने आ गए हैं। संगठन स्तर पर रायशुमारी का दौर भी चल रहा है। इस बीच दोनों ही पार्टियों के नेताओं ने अनारक्षित सीट पर सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को ही मैदान में उतारने की मांग तेज कर दी है। बताया जाता है कि भाजपा के कुछ शीर्ष नेताओं ने भी इस आशय को लेकर प्रदेश भाजपा के नेताओं से मुलाकात कर अनारक्षित सीट में सामान्य वर्ग का प्रत्याशी बनाने की मांग की है।

### आखिर कब मिलेगा मौका?

अनारक्षित सीट पर सामान्य वर्ग से प्रत्याशी बनाए जाने की मांग करने वाले नेताओं का कहना है कि पिछले 2015 में महापौर का पद अनारक्षित होने के बाद भी ओबीसी वर्ग से महापौर चुना गया था। ऐसे में इस बार यह सीट अनारक्षित होने से दोनों पार्टी में सामान्य वर्ग से ही प्रत्याशी उतारने की मांग उठने लगी है।

# भाजपा ने 23 तक मंगाए पैनल, कांग्रेस ने बंद लिफाफे में मांगे दावेदारों के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनावों की घोषणा के साथ ही अब दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों ने प्रत्याशी चयन की कवायद तेज कर दी है। भाजपा ने जहां मंगलवार को संभाग स्तरीय बैठक कर सभी सीटों से तीन नामों का पैनल 23 जनवरी से पहले मंगाए हैं। वहीं कांग्रेस अपने आंतरिक सर्वे एवं पर्यवेक्षक से मिले फीडबैक के अनुसार प्रत्याशियों का चयन करेगी। वहीं दोनों ही दल में महापौर प्रत्याशी का चयन प्रदेश संगठन के जरिये ही किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को दुर्ग में भाजपा की संभाग स्तर पर गठित चुनावी टीम ने एक बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे ने की। बैठक में ही प्रत्याशी चयन के फार्मूले को लेकर चर्चा की गई। यह तय किया गया है कि सभी सीटों से तीन नामों का पैनल 23 जनवरी से पहले मंगाया जाएगा। जिसके बाद चयन समिति एक-एक नाम फाइनल करेगी। वहीं कांग्रेस ने भी प्रत्याशियों की सूची जारी करने से पहले अपना एक सर्वे कराया है। इसके अलावा पर्यवेक्षक शैलेष नितिन त्रिवेद्वी भी सभी दावेदारों से वन-टू-वन मिल रहे हैं। पर्यवेक्षक से मिले फीडबैक के आधार पर ही टिकट वितरण किया जाएगा।





फाईल फोटो

**बैठक में बनी रणनीति, तय होंगे नामः** भाजपा ने नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के मद्धेनजर दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक आयोजित की। जिसमें दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव खैरागढ़, मानपुर मोहला जिले के अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल , प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय की उपस्थिती में प्रत्याश चयन को लेकर भी चर्चा की गई। बताया गया कि भाजपा ने 23 जनवरी तक तीन नामों का पैनल मंगाया है। स्थानीय नेताओं से रायशुमारी, पर्यवेक्षक के फीडबैक के साथ ही संगठन में दावेदारो की सक्रीयता को देखकर ही प्रत्याशी चयन किया जाएगा।

### कांग्रेस ने मांगा पैनल

इधर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी पर्यवेक्षक शैलेष नीतिन त्रिवेदी से बंद लिफाफे में पैनल मांगा है। बताया जाता है कि कांग्रेस संगठन ने बूथ से लेकर ब्लॉक स्तर से दावेदारों से आवेदन लिए हैं। कुछ वार्ड में सर्वानुमति बनाने की भी कोशिश चल रही है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि एक-दो दिनों के भीतर पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस को सौंप देंगे। 23 को पार्षदो के नाम तय होने के बाद 25 जनवरी को महापौर प्रत्याशी पर मंथन कर प्रत्याशी चयन किया जाएगा।

### वाट्सएप में भी भेज रहे बॉयोडाटा

*कांग्रेस ने सभी इच्छुक दावेदारों को अवसर देने के लिए ब्लॉक कांग्रेस के माध्यम से आवेदन मंगाए थे, लेकिन इससे आगे बढ़कर दावेदार अपना बॉयोडाटा पर्यवेक्षक सहित प्रदेश के आला नेताओं को वाट्सएप के माध्यम से भी भेज रहे हैं। ऐसे में नेताओं की दिक्कतें भी बढ़ गई है। अब तक सभी वार्डों में दो से तीन नाम सामने आ गए है।*

### गिरीश देवांगन से मिले दावेदार

*विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे गिरीश देवांगन भी लगातार निकाय चुनाव को लेकर राजनांदगांव के दौरे पर हैं। मंगलवार को उनके शहर आगमन पर दावेदारों ने उनसे मुलाकात कर अपनी दावेदारी पेश की। इसके अलावा उन्होंने वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर भी जमीनी स्थिति का पता लगाया।*

समता
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त

डॉ. मयंक जैन
M.B.B.S. (Hons), M.S. Orthopaedics
अस्थि रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
आर्थोस्कोपी और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी ट्रॉमा
आर्थोस्कोपी और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
गठिया का इलाज
सभी प्रकार के फ्रैक्चर के प्लास्टर एवं ऑपरेशन
जन्मजात विकार का उपचार
पुराने नहीं जुड़े एवं मवाद वाले फ्रैक्चर और घाव का उपचार
उपलब्ध सुविधाएं
घुटने का प्रत्यारोपण
स्पाइन ट्रॉमा सर्जरी
कंधे का दर्द
कूल्हे का प्रत्यारोपण
आर्थोस्कोपी ACL/PCL
जोड़ों में दर्द
PM-JAY
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
- अपॉईटमेंट हेतु संपर्क करें - 077443 56654
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## गुम नाबालिग बालिका गुंडरदेही में मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर से बिना बताए कहीं चली गई बालिका का खोजबीन कर पुलिस ने गुंडरदेही से बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव के अपराध धारा-363 भादवि की गुम नाबालिग बालिका, जो अपने घर में बिना बताए कहीं चली गई थी। जिसकी कायमी दिनांक से पुलिस द्वारा लगातार पता-तलाश करते 21 जनवरी को गुंडरदेही से बरामद किया गया है।

गुम बालिका का कथन लेखकर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, उप निरीक्षक लाभाराम साहू, महिला प्रधान आरक्षक कल्पना अंबादे का विशेष योगदान रहा।

## मंडी में सजी थी जुंए की फड़, पुलिस की दबिश में दस हजार नगद जब्त, 7 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सब्जी मंडी आम जगह पर जुंआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी। जिससे जुंआ खेल रहे आरोपियों में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने मौके पर 7 आरोपियों को पकड़ा। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। आरोपियों से 10,230 रुपए बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर बसंतपुर पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पुलिस द्वारा 7 जुआरियों पर जुंआ एक्ट के तहत कार्रवाई करने में सफलता मिली है। ज्ञात हो कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ था कि सब्जी मंडी राजनांदगांव में कुछ जुआरी ताश के पत्तों से रुपए-पैसे का दांव लगाकर जुंआ खेल रहे हैं कि सूचना पर थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई हेतु रवाना किया गया था।

**मौके पर घेराबंदी कर पकड़ा :** उक्त टीम द्वारा सब्जी मंडी में घेराबंदी कर दर्शित स्थल पर रेड कार्रवाई किया गया। रेड कार्रवाई के दौरान मौके पर 7 जुआरी जुंआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गए। जिनसे पूछताछ करने पर अपना-अपना नाम अमित यादव 39 साल, राहुल बघेल 29 साल, नरसिंह यादव 40 साल, लोकेश यादव 19, गजानंद साहू 40 साल, देवेश साहू 23 साल एवं कुलदीप यादव 27 साल बताए। जिनके पास एवं फड से नगदी रकम 10230 रुपए, ताश के पत्ते एवं एक प्लास्टिक बोरा बरामद कर जब्त किया गया। उक्त 7 आरोपियों के विरूद्ध थाना बसंतपुर में धारा छग जुआ प्रतिशेष अधिनियम की धारा 3 के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर कार्रवाई किया गया है।

### इधर 3 आरोपी और पकड़ाए

सार्वजनिक स्थान में जुंआ खेलने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपियों से नगदी एवं ताश पत्ती बरामद किया गया है। जिनसे पूछताछ करने पर अपना-अपना नाम राजकिशोर राजपूत 26 साल पता ग्राम दर्री, रमेश कुमार 35 साल साकिन दर्री, देवराज निषाद 24 साल साकिन वार्ड नं. 13 राजा खुज्जी का होना बताए। जिनके पास एवं फड से नगदी रकम 2780 रुपए, ताश के पत्ते बरामद कर जब्त किया गया। उक्त 3 आरोपियों के विरूद्ध थाना डोंगरगांव में धारा छग जुआ प्रतिशेध अधिनियम की धारा 03(2) के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर कार्रवाई किया गया है।




## पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बनाई, अफसरों को किया तैनात

# नामांकन आज से: पार्षदों को पांच व महापौर प्रत्याशियों को जमा करने होंगे 20 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। यह प्रक्रिया आगामी 28 जनवरी तक जारी रहेगी। इस दौरान संबंधित निकायों के प्रत्याशी अपने अनुविभागीय कार्यालय में नामांकन जमा कर सकेंगे। इस बार निगम में महापौर प्रत्याशियों को 20 हजार एवं पार्षद प्रत्याशियों को 5 हजार रुपए की जमानत राशि नामांकन के रूप में जमा करनी होगी।

वहीं नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिए 15 हजार एवं पार्षद पद के लिए चार हजार रुपए की राशि नामांकन दाखिल करने के लिए तय की गई है। ऐसे ही नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए दस हजार एवं पार्षदों के लिए तीन हजार रुपए की राशि नामांकन भरने जरूरी होगी। हालांकि एससी, एसटी, ओबीसी एवं महिलाओं के लिए यह रकम आधी हो जाएगी। इधर नामांकन से पहले प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां कर ली है। अफसरों की ड्यूटी लगा दी गई है।

### खास बातें

- प्रत्याशियों को 28 जनवरी तक मिलेगा नामांकन दाखिल करने का अवसर
- 31 को नाम वापसी के बाद साफ होगी सभी वार्डो की चुनावी तस्वीर



**पुलिस सतर्क, अफसरों की लगाई ड्यूटी:** जिले में नगरीय निकाय चुनाव संबंधी प्रक्रिया जारी हो चुकी है, जिसे देखते हुए पुलिस अतिरिक्त सर्तकता बरत रही है। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पांच नगरीय निकाय क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। जिसमें राजपत्रित अधिकारी सहित संबंधित थाना के टीआई व पुलिस जवानों की तैनाती रहेगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार हर निकाय क्षेत्र में लगभग 10 पुलिस जवान, अधिकारी एवं संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रभारी अधिकारी एसडीओपी स्तर के अधिकारी रहेंगे। चुनाव के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने संबंधित थाना प्रभारियों को भी निर्देश जारी किए हैं।

## खबर संक्षेप

### मंदिर के स्थापना पर कार्यक्रम 24 से

**घुमका**। ग्राम जराही में श्री रूद्र हनुमंत पिंगाक्ष मंदिर का स्थापना दिवस 24 जनवरी को मनाया जाएगा। आगामी 24 जनवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी जो गांव का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। शनिवार को लड्डू गोपाल का अभिषेक और रविवार को रुद्राभिषेक किया जाएगा। सोमवार को विधि विधान से हवन पूजन कर पूर्णाहुति दी जाएगी। मंदिर के संस्थापक पं. कोमल कमलेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम 9 से 12 तक होगा। इसी क्रम में आगामी 25 से 27 जनवरी तक 2 से 5 बजे तक नागतराई के पं. तरुण शास्त्री रामकथा का वाचन करेंगे। आगामी 27 जनवरी को पूर्णाहुति के बाद भंडारा का आयोजन रखा गया है।

### भानपुरी मंडई 23 को

**मुसरा**। भानपुरी में आगामी 23 जनवरी को मंडई रखा गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए गोपाल बलराम निपानी नाच पार्टी का कार्यक्रम होगा। ग्राम के रोशन कुमार वर्मा ने आसपास के ग्रामीणों से उपस्थित होने की अपील की है।

### बैठक में निकाय चुनाव पर चर्चा



**डोंगरगढ़**। नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में आने वाले चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बैठक रखी गई थी। जिसमें प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा नगर पंचायत चुनाव प्रभारीसुनील जैन, राजेन्द्र तिवारी, गन्नु राम साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, देवेद्र साहू एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामवासियों की उपस्थित थे।

### भगवान राम की शोभायात्रा 22 को

**डोंगरगढ़**। 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। इस अवसर पर सनातन जागृति सेवा संस्थान द्वारा धर्मनगरी में कल 22 जनवरी को शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। शोभायात्रा 22 जनवरी को शाम 4 बजे तारण पिपलेश्वर महादेव मंदिर थाना चौक से प्रारंभ होगी जो नगर भ्रमण करते हुए श्रीराम मंदिर जयस्तम्भ चौंक में जाकर समाप्त होगी। यात्रा के दौरान हनुमान चालीसा का पाठ व जय घोष होगा जयस्तम्भ चौक पहुंचने पर महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण कर शोभायात्रा का समापन होगा।

### ठाकुरटोला में भागवत कथा 29 तक

**मुसरा**। ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में 21 से 29 जनवरी तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कथावाचक पंडित तारकेश्वर तिवारी द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने लोगों से उपस्थित होने अपील की है।

### निकली भव्य कलश यात्रा



**चिचोला**। अखिल विश्व गायत्री परिवार ने ग्राम में खिलेंद्र डडसेना के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा गाजे बजे के साथ निकाला। कलश यात्रा के माध्यम से गोवंश की रक्षा करने वा उससे होने वाले लाभों का प्रचार किया गया।

### कचरे के बीच खुला झूला घर

**डोंगरगढ़**। वार्ड 21 में नगर पालिका ने बच्चों के लिए झूला घर, ओपन जिम बनाया है।



आचार संहिता लागू होने के पहले आनन-फानन में जिस जगह का चयन कर झूला घर बनाया गया है वहां कभी भी दुर्घटना होने की आशंका है। उबड़-खाबड़ जमीन एवं ईट पत्थरों के बीच झूला घर का शुभारंभ करते हुए कुर्सी लगा दी गई है लेकिन कचरा और ईंट पत्थरों का हटाए बिना किस आधार पर इसका निर्माण किया गया पर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार जिस ठेकेदार को यह कार्य दिया गया था उस पर पहले गार्डन निर्माण, इंटरलाकिंग कार्य में गड़बड़ी का आरोप लग चुका है।

### किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बने चेतन साहू

**डोंगरगढ़**। भारतीय किसान संघ की ब्लाक इकाई का चुनाव लोधी भवन में संपन्न हुआ। ब्लाक अध्यक्ष चेतनलाल साहू को चुना गया है।



कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष नीलांबर वर्मा, मंत्री सगराम कोरकोट्टा, सह मंत्री समनलाल वर्मा, युवा प्रमुख नीरज कुमार रात्रे, जैविक प्रमुख रूपलाल साहू, महिला प्रमुख निर्मला साहू, प्रचार प्रमुख शिवेंद्र सिंह राजपूत, सहकारिता प्रमुख जगदीश वर्मा एवं कार्यकारिणी सदस्य दयालुराम कतलाम, रामसिंग वर्मा, संतराम उसेंडी, जगतराम वर्मा हैं। चुनाव के दौरान भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष माधव सिंह, प्रांतीय संगठन मंत्री तुलाराम, प्रांतीय कोषाध्यक्ष गजानद उपस्थित थे। चुनाव प्रक्रिया कौशल वर्मा, एनेश्वर वर्मा, शिवेंद्र सिंह राजपूत के देखरेख में संपन्न हुई।

### जिम्मेदारी के साथ चलाएं वाहन

**जालबांधा**। स्थानीय नवीन महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह का



आयोजन प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के सानिध्य में किया गया। विशेष अतिथि थाना प्रभारी बीरेंद्र चंद्राकर एवं प्रधान आरक्षक रघुनाथ सिदार थे। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक किया साथ ही केंद्रीय मोटरयान अधिनियम की जानकारी दी। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों से जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाने और आसपास के लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने सड़क सुरक्षा, नायक बने की तर्ज पर विद्यार्थियों को शपथ दिलाया। प्राचार्य एवं थाना प्रभारी के सहयोग से महाविद्यालय में लाइसेंस बनवाने के लिए शिविर लगाने पर भी चर्चा हुई। संचालन पूजा देवांगन ने किया। कार्यक्रम में मोनिका सिन्हा, मासूम वर्मा, भारती साहू उपस्थित थे। अंत में आभार प्रदर्शन रविप्रकाश चतुर्वेदी ने किया।

# शिकार करने गए ग्रामीण की करंट जाल के चपेट में आने से मौत

## मामले का खुलासा होने पर 11 आरोपी किए गए गिरफ्तार



- मृतक के साथियों ने मध्यप्रदेश के जंगल में छिपाया ग्रामीण का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेंदुरखार निवासी एक ग्रामीण का शव कुकदुर पुलिस ने मध्यप्रदेश के बजाग थाना क्षेत्र स्थित धुरकुटा के जंगल से बरामद किया है।

बताया जाता है कि पुलिस ने इस मामले में कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और अब इन गिरफ्तार आरोपियों को बजाग पुलिस के हवाले किए जाने की तैयारी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते करीब हप्तेभर पूर्व करीब 17 जनवरी को कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेंदुरखार का निवासी महर सिंह बैगा अपने 11 साथियों के साथ शिकार करने जंगल गया था।

बताया जाता है कि इसी दौरान महर सिंह की शिकार के लिए जंगल में लगाए गए करंट प्रवाहित जाल की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना के उसके साथ डर गए और पुलिस की कार्यवाही से बचने के लिए उन्होने मृत महर सिंह के शव को सीमावर्ती मध्यप्रदेश के बजाग थाना क्षेत्रांतर्गत धुरकुटा के जंगल में एक दलदल नुमा स्थान पर गीली मिट्टी के नीचे दबा दिया। इतना ही नहीं उसके साथियों ने शव को कोई खोज न पाए इस मंशा से शव के ऊपर एक मरे हुए मवेशी को भी रख दिया और वापस अपने गांव लौट आए। लेकिन जब उनके साथ गए महर सिंह बैगा के वापस नहीं लौटने की जानकारी उसके परिजनो को लगी तो उन्होने उसकी गुमसुदगी कुकदुर थाना में दर्ज करा दी। जिसके बाद पुलिस ने अपनी जांच शुरू की और इस बात का पता लगाया कि महर सिंह बैगा किन-किन लोंगों के साथ जंगल गया था। पुलिस ने इस मामले में कुल 11 लोगों को हिरासत में लेकर उनसे कड़ा से पूछताछ की और आरोपियों ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतक का शव भी बरामद कर लिया। लेकिन बताया जाता है कि घटना स्थल मध्यप्रदेश के बजाग थाना अंतर्गत आने के कारण अब पुलिस पूरे मामले और आरोपियों को बजाग पुलिस के सुपुर्त करने की तैयारी कर कर रही है।

### शव को करीब 10 किलो मीटर ले गए

बताया जाता है कि मृतक महर सिंह बैगा की मौत ग्राम सेंदुरखार से निकलने के कुछ समय बाद ही सेंदुरखार के जंगल में करंट प्रवाहित जाल के चपेट में आने से हो गई थी। लेकिन उसके साथियों ने पुलिसिया कार्यवाही के डर से जानबूझ कर मृतक के शव को करीब 10 किलो मीटर दूर मध्यप्रदेश के जंगल में छिपाया ताकि शव किसी के नजर में न आए और वे बच जाएं। लेकिन मामला उजागर होने के बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# वनांचल के उपभोक्ताओं को सरकारी राशन दुकान से नहीं मिल पा रही है नियमित रूप से शक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान



वनांचल ग्राम कोदवागोड़ान में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के राशन कार्डधारियों को नियमित रूप से शक्कर नहीं मिलने से लोगों को बाजार से मंहगे दामो में शक्कर खरीदनी पड़ रही है जिसे लेकर ग्रामीणों में खासी नाराजगी देखी जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोदवागोड़ान की शासकीय उचित मूल्य की दुकान बीते दो तीन महिनो से शक्कर की सप्लाई नहीं हो रही है। इस संबंध में खाद्य विभाग से शिकवा शिकायत किए जाने पर जानकारी मिली है कि उचित मूल्य की दुकान संचालक द्वारा समय पर डीडी नहीं भेजा जा रहा है जिसके कारण शक्कर की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जिसका खामियाजा राशन कार्डधारियों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी प्रकार उन्हें सरकारी चावल के लिए भी कई-कई बार दुकान के चक्कर काटने पड़ते हैं कई सरवर फैल हो जाता है तो कभी कोई और परेशानी खड़ी हो जाती है।

यही हाल शक्कर भी है उपभोक्ता महज एक किलो ग्राम शक्कर के लिए उचित मूल्य की दुकान के चक्कर काट रहे है लेकिन उन्हे नियमित रूप से शक्कर नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों प्रशासन तथा दुकान संचालक से व्यवस्था दुरूस्थ कर नियमित रूप से शक्कर आबंटित कराए जाने की मांग की है।

## खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति की बैठक आयोजित...

**कवर्धा**। नगर के मारुतिवार्ड स्थिति सिद्धपीठ खेड़ापति हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिसके लिए मंदिर समिति के सदस्यों की बैठक गत सोमवार को मंदिर परिसर में आयोजित की गई। जहां मंदिर के जीर्णोद्धार सहित आगामी आयोजन को लेकर चर्चा की गई। उपस्थिति सदस्यों ने एक-एक कर अपनी-अपनी राय दी। मंदिर के पुजारी पं चंद्रकिरण तिवारी ने बताया कि धीरे-धीरे कर श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर निर्माण किया गया है। वर्तमान में कई कार्य बाकी है। जिसे सभी के सहयोग से पूरा किया जाएगा। इनमें मंदिर के सामने डोम बनाना भी प्रस्तावित है,



जिसके बनने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बारिश, गर्मी में सुविधा मिलेगी साथ ही मंदिर की शोभा बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि मंदिर में मरम्मत सहित कई कार्य है। जिसे भी किया जाना बाकी है। उन्होंने श्रद्धालुओं से मंदिर में मानस हॉल निर्माण के लिए सहयोग की अपील की। बैठक के दौरान मंदिर पहुंच मार्ग के लिए संकेतक लगाने का भी सुझाव दिया गया। चंद्रकिरण तिवारी ने बताया कि अन्य जिले से आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने के परेशानी होती है। ऐसे में शहर के बिलासपुर मार्ग, करपात्री चौक, सकरहाघाट की ओर संकेतक लगाने की बात रखी गई। बैठक में बड़ी संख्या में समिति के सदस्य शामिल थे।

## सांसद पांडेय ने किया कार्यों का भूमिपूजन



**डोंगरगढ़**। संतोष पांडे के अनुशंसा उपरांत स्वीकृत अटल परिसर लागत राशि 19.61 लाख सहित अधो संरचना निर्माण कार्य के लिए लागत 1.08 करोड़ रूपों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्य सांसद के मुख्य अतिथि में शनिवार को दोपहर 4 बजे नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के भाटापारा वार्ड 4 में किया गया। जिसमें प्रदेश भाजपा के महामंत्री भरत वर्मा, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, मनोज कांडे, वेदराम ताम्रकार, गन्नु राम, देवेंद्र साहू, घनश्याम वैष्णव, राजकुमार, चेतन साहू, नोबल छबील साहू सहित बडी संख्या में ग्रामीण जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## यातायात नियमों का करें पालन




**अर्जुनी**। स्थानीय नवीन महाविद्यालय में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि युवोदय के कार्यक्रम प्रभारी विनोद कुमार टेम्भुरकर थे।

कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ एनके. लहरे शामिल हुए। स्वागत के बाद श्री टेम्भुरकर ने राष्ट्रीय सडक सुरक्षा जागरुकता अंतर्गत दुर्घटना मुक्त होने के लिए यातायात नियमों का पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय कभी भी मोबाईल का उपयोग न करें। कहीं भी वाहन खड़े न करें। दो पहिया वाहन में दो अधिक न बैठे। इस अवसर पर हेमशंकर साहू, हरवंश चौरंगे, दुष्यंत कुमार, दीपककुमार, डॉ. काव्या जैन, डॉ. संजू सिंह, हनी ठक्कर, सौम्या देवांगन, लीना साहू, योगिता के अलावा लक्ष्मी, केवरा, प्राची, काजल देवांगन, रेणुका, खूशबू देवागंन, रितु आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन ओमप्रकाश सहारे ने किया।

# असामाजिक तत्वों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ी को किया आग के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

धर्मनगरी डोंगरगढ़ में बीती रात कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा जमकर उत्पात मचाया गया और आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया। इस दौरान बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ी को आग के हवाले कर दिया जिससे गाड़ी धू धूकर जलने लगी।

दरअसल पूरा मामला डोंगरगढ़ शहर के वार्ड नंबर 1 का है। जहां स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर के सामने भूषण सिन्हा के घर में किराए से रहने वाली महिला शिक्षिका मत्तू बैगा के लेडिस मोपेड को किन्हीं असमाजिक तत्वों के द्वारा देर रात लगभग 3 से 4 बजे के बीच आग लगा दिया गया। आगजनी इतनी भयंकर थी कि उनकी गाड़ी जलकर पूरी तरह से खाक हो गई। मौके पर



मौजूद लोगों ने आग को बुझाने की कोशिश की लेकिन तब तक गाड़ी जल गई थी। पीड़ति महिला शिक्षिका पूरे मामले को लेकर अपनी शिकायत दर्ज कराने पुलिस थाने पहुंची। इस आगजनी में गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गयी। पुलिस की माने तो पूरे मामले की विवेचना की जा रही है और जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# कवर्धा में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने कलेक्टर ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी गोपाल वर्मा ने कबीरधाम जिले में नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 की घोषणा के साथ आदर्श आचरण संहिता लागू होने के मद्देनजर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से आवश्यक आदेश जारी किए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान भय और आतंक का वातावरण न बने, इसे सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों को अपने-अपने आग्नेय शस्त्र नजदीकी पुलिस थाने में तीन दिनों के भीतर जमा कराना अनिवार्य होगा। यह आदेश जिले के निवासियों के साथ-साथ बाहर से जिले में आने वाले लाइसेंस धारकों पर भी लागू होगा। सभी लाइसेंसधारक आचार संहिता समाप्ति के बाद अपने शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगे। इस आदेश में संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों, विशेष सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों, मान्यता प्राप्त बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड को छूट दी गई है। जिन व्यक्तियों को सुरक्षा की दृष्टि से शस्त्र की आवश्यकता है, वे जिला निर्वाचन कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे मामलों में जिला कमेटी द्वारा निर्णय लिया जाएगा कि उन्हें इस आदेश से मुक्त रखा जाए या नहीं। छूट प्राप्त व्यक्तियों को भी अपने शस्त्र संबंधित थाने में पंजीकृत कराने होंगे और बिना थाना प्रभारी की अनुमति के अपने परिसर की सीमा से बाहर ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति तक जिले में सभी शस्त्र लाइसेंस निलंबित रहेंगे, सिवाय विशेष छूट प्राप्त व्यक्तियों के। थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जमा किए गए शस्त्रों का उचित पंजीकरण सुनिश्चित करें, पावती प्रदान करें, और उनकी सुरक्षा करें। चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के एक सप्ताह के भीतर शस्त्र लौटाना अनिवार्य होगा।

### सुंदरकांड पाठ 22 को

**सोमनी**। ग्राम सोमनी में 22 जनवरी को श्री राम महोत्सव के पावन दिवस पर अंजनी ट्रस्ट सोमनी के द्वारा श्री राम मंदिर एवं गार्डन निर्माण के अवसर पर 1950वां श्री सुंदर काण्ड पाठ गणेश मिश्रा राजनांदगांव ताल छापर वाले का शाम 6.30 बजे से आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद प्रसादी वितरण होगा।

### नागलदाह मंडई आज

**घुमका**। ग्राम नांगलदाह में कल 22 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। आशीष नादम ने बताया रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन होगा। इसी प्रकार नपं में आगामी 24 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। पूर्व उप सरपंच जय कुमार वर्मा ने बताया कि रात्रि में अटल बाजार के पास छाया चंद्राकर का कार्यक्रम लोक छाया का आयोजन होगा।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

Health Town
K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### निर्माण कार्यों का सांसद ने किया भूमिपूजन



**लालबहादुर** नगर। डोंगरगढ़ विकासखंड के नगर पंचायत लाल बहादुर नगर मैं विकास कार्यों का भूमि पूजन जिले के सांसद संतोष पांडे ने किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता व पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील जैन चीकू, पूर्व अध्यक्ष बोधीराम साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कानडे वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी क्षेत्र की जनपद सदस्य श्रीमती पुष्पलता वैष्णव पूर्व महामंत्री रामादीन देवांगन भोजवर्मा प्रशांत कोडापे पूर्व सरपंच देवेंद्र साहू वर्षा गेडाम पुष्पा सिन्हा अलख चंद्राकर मंचासीन थे। नगर पंचायत लालबहादुर नगर में शनिवार को जिले के सांसद संतोष पांडे के अनुशंसा उपरांत स्वीकृत अटल परिसर लागत राशि 19.61 लाख सहित अधोसंरचना निर्माण कार्य हेतु लागत 1.08 करोड़ रुपयों के निर्माण कार्य का किया गया। कार्यक्रम में वेदराम ताम्रकार, नोबेल साहू, अशोक साहू, पवन यादव, चेतन दास साहू, घनश्याम वैष्णव, रेखाराम यादव, अवध साहू, लक्ष्मण नाथ, रजक सोहन साहू, रमेश यादव, मृग लाल साहू, गिरधर साहू सहित अधिक संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन सीएमओ वनीष दुबे ने किया। सांसद संतोष पांडे ने भूमिपूजन कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस शासन कार्यकाल में 5 सालों तक काम रुका हुआ रहा। उनके कार्यकाल में एक घमेला मुरूम डालना हो रोड बनाना हो जिसके लिए पैसे नहीं का बहाना करते थे। यहां तक गरीबों के प्रधानमंत्री आवास के तहत घर बनाने के प्रदेश सरकार को जो राशि देनी होती है उस राशि को भी जमा करना हो तो पैसा नहीं कहते थे। जिस कारण कई गरीबों को छत नहीं मिल पाई। केंद्र व प्रदेश में हमारी सरकार आने पर अब जाकर विकास कार्यों में गति के साथ कार्यों को करवाया जा रहा है।

## निधन

### राजकुमारी उषा देवी सिंह



**खैरागढ़।** राजपरिवार की वरिष्ठ सदस्या राजकुमारी उषा देवी सिंह पति फतेहदमन सिंह 89 साल का मंगलवार 21 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह की बड़ी बिटिया और राजा देवव्रत सिंह की बुआ राजकुमारी उषा देवी सिंह का अंतिम संस्कार दंतेश्वरी मंदिर सामने स्थित राजपरिवार के मुक्तिधाम में बुधवार 22 जनवरी को दोपहर दो बजे राजसी परंपरा अनुसार विधिवत किया जाएगा।

### दावेदारों की बढ़ने लगी सक्रियता, मतदाताओं को टटोलने में व्यस्त

# पंचायत चुनाव का बिगुल बजते ही सजने लगी गांवों में राजनैतिक बिसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बिगुल बजने के साथ जिले में राजनैतिक सरगर्मी तेज हो गई है। राजनैतिक पार्टियां बैठक कर रही है, दावेदार बड़े नेताओं के पास बायोडाटा लेकर पहुंच रहे और इन सबके बीच पोस्टर, पांपलेट सहित गाजे बाजे का व्यवसाय करने वाले कारोबारी सक्रिय होकर दावेदारों से संपर्क बनाने में लगे हुए है। जिले में दो चरणों में चुनाव होगा इसमें प्रथम चरण यानि 17 फरवरी को छुईखदान ब्लाक और 20 फरवरी को खैरागढ़ ब्लाक के जिला, जनपद व ग्राम पंचायतों का चुनाव कराया जाएगा।

अंतिम मतदाता सूची जारी की गई है। इसमें 221 पंचायतों में कुल 2 लाख 66 हजार 64 मतदाता त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान करेंगे। इसमें पुरुष मतदाता 1 लाख 33 हजार 924 व महिला मतदाता 1 लाख 32 हजार 140 अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले में 10 जिला पंचायत सदस्य, 50 जनपद सदस्य, 221 सरपंच, 2903 वार्ड पंच का चुनाव दो चरणों में होगा। मतदान करने के लिए 598 मतदान केन्द्र बनाए गए है। जिले के गंडई व छुईखदान नगर पंचायत के चुनाव में 16113 मतदाता मतदान करेंगे। जिसमें गंडई नगर पंचायत के कुल 10228 मतदाता जिसमें 4974 पुरुष एवं 5254 महिला मतदाता 15 पार्षद व छुईखदान नगर पंचायत के कुल 5585 मतदाता जिसमें 2792 पुरुष एवं 3093 महिला मतदाता 15 पार्षद के लिए मतदान डालेंगे। इसके लिए दोनों नगर पंचायत में 15-15 मतदान केन्द्र बनाया जाएगा। छुईखदान नगर पंचायत में पुरुषों की तुलना में 301 व गंडई नगर पंचायत में 280 महिला वोटर अधिक हैं।




### छुईखदान में 258 मतदान केन्द्रों में होगा चुनाव

मतदान की तारीखों के ऐलान के बाद चुनाव के दावेदार सक्रिय हो गए हैं। क्षेत्र में दौरा का कार्यक्रम बना रहे हैं। छुईखदान ब्लाक में 5 जिला पंचायत सदस्य, 25 जनपद सदस्य, 107 सरपंचों, 1406 वार्ड पंचों के लिए प्रथम चरण में 17 फरवरी को चुनाव होगा। 1 लाख 25 हजार 892 वोटर मतदान करेंगे, जिसमें 62 हजार 982 पुरुष, 62 हजार 910 महिला मतदाता है। यहाँ महिलाओं से महज 72 पुरूष वोटर ज्यादा है। मतदान स्थल पर ही मतगणना बाद रिजल्ट घोषित किया जाएगा, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर खंड मुख्यालय में दूसरे दिन रिजल्ट बताया जाएगा।

### सक्रियता बढ़ी, जिपं चुनाव में होगी जमकर दावेदारी

खैरागढ़ ब्लाक में 5 जिला पंचायत सदस्य, 25 जनपद सदस्य, 114 सरपंचों, 1497 वार्ड पंचों का द्वितीय चरण 20 फरवरी को चुनाब होगा। इसके लिए 1 लाख 40 हजार 172 वोटर मतदान करेंगे। जिसमें 70 हजार 942 पुरुष, 69 हजार 230 महिला मतदाता हैं। महिलाओं के मुकाबले 1622 पुरूष मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। चुनाव द्वितीय चरण में होने की वजह से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव रोचक होने वाला है। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए बहुमत 6 सदस्यों का है और छुईखदान ब्लाक के 5 जिला पंचायत सीटों के लिए प्रथम चरण में मतदान होने व मतदान स्थल पर ही मतगणना होने से रिजल्ट का पता तुरंत चल जाएगा। जिससे अध्यक्ष पद की दावेदारी करने वाली महिला अभ्यर्थी खैरागढ़ ब्लाक के 5 जिला पंचायत सीट के से लड़ने वाले सदस्यों का प्रचार-प्रसार करेगी ताकि जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए बहुमत मिलने में आसानी होगी।

## खर्च की सीमा 6 लाख पर देना पड़ेगा हिसाब, ईवीएम से होगा मतदान



**गंडई पंडरिया।** आचार सहिता लागू होने के साथ प्रशासनिक कसावट शुरू हो गई है। आदर्श आचार संहिता सहित चुनाव प्रक्रिया से राजनैतिक दलों को अवगत कराने नगर पंचायत गंडई के सभागार में अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आहूत किया गया। बैठक में एसडीएम रेणुका रात्रे ने बताया कि फ़ोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार किया जाएगा। मतदाता ईवीएम मशीन से मतदान करेंगे। प्रत्येक वार्ड के मतदाता अध्यक्ष और पार्षद के लिए मतदान करेंगे। उन्होंने बताया कि आचार संहिता का सभी अभ्यर्थियों को पालन करना होगा जो पालन नहीं करेगा उसे अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

### नामांकन आज से

उन्होंने बताया कि 22 से 28 जनवरी तक नाम निर्देशन फार्म भरे जाएंगे। 25 एवं 26 जनवरी को अवकाश रहेगा। आगामी 31 जनवरी नाम वापसी की अंतिम तिथि है। आगामी — फरवरी को मतदान एवं 15 फरवरी को मतगणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों को शपथ पत्र के किसी भी कालम को खाली नही छोड़ना है। खाली छोड़ने योग्य कालम में निरंक लिखना है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी 6 लाख तक खर्च कर सकेंगे किन्तु उन्हे हर दिन का लेखा जोखा देना होगा।

### सभा, रैली की अनुमति जरूरी

उन्होंने बताया कि सभी प्रत्याशियों को सभा, रैली या अन्य आयोजन के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है। गाड़ियों में लगाए जाने वाले साउंड सिस्टम की आवाज कोलाहल नियम के प्रावधानों के अनुरूप रखना अनिवार्य होगा। सभी कार्यों के लिए सुबह 10.30 बजे से 3 बजे तक अनुविभागीय कार्यालय खुला रहेगा। चुनाव संबंधी गतिविधियों के लिए संपर्क किया जा सकता है।

## शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार अधिकारी ने स्वयं संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में सफाई की व्यवस्था में अब सुधार आ गया है। पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा ने स्वयं सफाई व्यवस्था की कमान संभाल ली है।

नगर में बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर जहां पालिका अधिकारी ने स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों की खबर ली है वहीं वे स्वयं चौक चौराहों पर जाकर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। डोर टू डोर कचरा सफाई करने वाले कर्मचारियों की मॉनिटरिंग के लिए भी टीम लगाने की बात पालिका अधिकारी ने कही है। उन्होंने कहा कि यह धर्मनगरी है यहां सफाई को लेकर अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। दिनभर घूम कर पालिका अधिकारी ने विभिन्न स्थानों पर पड़े कचरे के ढेर को साफ करवाया तथा सफाई विभाग के प्रभारी को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे स्थानों को चिन्हित करें जहां लापरवाही पूर्वक दुकानदार कचरा डाल रहे हैं। उन्हें नोटिस जारी करें तथा 10 गुना अधिक जुर्माना लगाकर उन्हें आगाह कर दें कि स्वच्छता अभियान में गंदगी फैलाने वालों की अब खैर नहीं है।



### सड़कों से हटेंगी दुकानें

पालिका अधिकारी श्री शर्मा ने बताया कि प्रशासक व अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम के नेतृत्व में जल्द ही सब्जी बाजार गोल बाजार बुधवारी बाजार सहित अन्य बाजार को भी व्यवस्थित किया जाएगा। नगर में दौरा कर अधिकारियों ने स्थान चिन्हाकित किया है। कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सड़क पर अनावश्यक रूप से प्रतिदिन बैठने वाले सब्जी व्यवसायियों सहित अन्य व्यवसायियों को पहले नोटिस देकर व्यवस्थापन करें यदि वे नहीं मानते तो उन पर जुर्माना लगाया जाएगा।

## लॉज में मिली अपहृत नाबालिग बच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

▪ गुमाश्ता लाइसेंस किया सस्पेंड

वैध सरंक्षण बिना नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी सहित कमरा देने वाले लॉज मैनेजर के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की अलग-अलग धाराओं के तहत कारवाई की वही लॉज संचालक के नाम से जारी गुमाश्ता लाइसेंस को भी सस्पेंड करा दिया है।

पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र की प्रार्थिया ने अपने संरक्षण से रह रही नाबालिग बालिका को अज्ञात आरोपी द्वारा वैध संरक्षण से बिना सूचना के बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट की जिसे लेकर अज्ञात आरोपी के विरूद्व अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए एसपी त्रिलोक बंसल, एएसपी नितेश कुमार गौतम के निर्देशन व एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा के नेतृत्व में मामला नाबालिग बालिका से संबंधित संवेदनशील होने के कारण तत्काल टीम गठित कर पता तलाशी शुरू की गई। तकनीकी साक्ष्य और सूचना पर तत्काल अपहृता बालिका को एआर लॉज के एक कमरे से आरोपी सागर पिता हरी जंघेल भदेरा पैलीमेटा थाना मोहगांव के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी सहित प्रकरण में लॉज मैनेजर विनय पिता प्रदीप चंदेल 21 साल कानीमेरा छुईखदान के विरूद्ध नाबालिग को अपने लॉज में बगैर परिजन के संदिग्ध रूप से नियम विरूद्ध कमरा देने के लिए धारा 170 बीएनएसएस सहित प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत कारवाई किया गया।





### समझाइश के बाद भी नहीं हो रहा था असर

प्रकरण में एआर लॉज संचालक और कर्मचारियों द्वारा लगातार अपने लॉज में संदिग्ध गतिविधियां संचालित करते पाए जाने नपा सीएमओ को प्रतिवेदन भेजा गया जिसके बाद लॉज संचालन में अनिमियता को देखते हुए दुकान का स्थापना पंजीयन गुमाश्ता लाइसेंस को अगामी आदेश तक सस्पेंड कर दिया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले भी पुलिस और महिला सेल की संयुक्त टीम को एआर लॉज में औचक दबिश देकर चेकिंग दौरान पांच कमरों में पांच जोड़े लड़का लड़का मिले थे। लॉज रजिस्टर चेक करने पर एंट्री पाया गया, लेकिन आने का प्रयोजन निर्धारित तरीके से नही करने, लड़कों द्वारा होटल में ठहरने का उचित प्रमाण नहीं देने पर होटल मैनेजर चमन सिंह सहित पांच के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कारवाई की गई थी इसके बाद भी सुधार नही होने और अपहृत नाबालिग बालिका के लॉज के एक कमरे से बरामद होने पर पुलिस ने आरोपियों पर कड़ी कारवाई के साथ साथ लॉज का लाइसेंस भी सस्पेंड करा दिया है। लगातार समझाइश के बाद भी अवैध अनैतिक गतिविधियों की लगातार पूनरावृत्ति करने के चलते पुलिस ने चेक बाऊंस के पांच साल पुराने मामले को खंगालते हुए नामजद फरार स्थाई वारंटी नदीम मेमन को गिरफ्तार कर कोर्ट मे पेश किया हालाकि कोर्ट से उसे जमानत मिल गई लेकिन पुलिस ने इस कारवाई से संदेश दे दिया कि जिले मे शांति सुरक्षा को लेकर वो किसी भी स्तर पर समझौता करने वाली नही है।

## चना, गेहूं की फसल बेहतर, अरहर प्रभावित

**सड़क अतरिया।** रबी की फसल से खेतों में हरियाली बनी है। चना, गेहूं के पौधे काफी बेहतर नजर आ रहे है। सप्ताह भर पहले मौसम खराब होने से पौधों में कीट एवं इल्ली का प्रकोप बढ़ गया था किन्तु मौसम खुलने तथा दवा का छिड़काव करने से पौधे बेहतर स्थिति में आ गए हैं। वर्तमान में चना, गेहूं में फूल फल लगने लगे हैं। बीते तीन- चार साल से चना की अपेक्षित पैदावार नहीं होने के बाद इस बार कृषकों ने गेहूं में दिलचस्पी दिखाया है जिससे उत्पादन के रकबे में काफी बढ़ोतरी हुई है। दूसरी तरफ अरहर की फसल किसानों के आशा अनुरूप नहीं होना बताया जा रहा है। पखवाड़े भर पहले अरहर में फल फूल लगने के समय लगातार बादल छाने से कीटों का प्रकोप बढ़ गया था, जिसहे फूल झड़ गए तथा फल सिकुड़ गया।



### नैनों का करें उपयोग

कृषि विस्तार अधिकारी मोहित बजरंग ने बताया कि यूरिया खाद उपलब्ध नहीं मिलने पर किसान पौधों में नैनों यूरिया, अमोनिया सल्फेट, 1919 का छिड़काव कर सकते हैं। फसल के लिए मौसम बेहतर है। सीमित मात्रा में कीटनाशक का उपयोग किया जा सकता है।

### यूरिया की किल्लत

कृषकों ने बताया कि वर्तमान में रबि फसल में यूरिया खाद का छिड़काव करना जरूरी है पर सोसायटी एवं बाजार में यूरिया खाद नहीं है। जानकारी अनुसार सोसायटी में अनुमानित मांग के आधार पर खाद मंगाया गया था जो किसानों को वितरित कर दिया गया। वहीं दुकानों में सीमित स्टाक होने से यूरिया की किल्लत बनी हुई है। क्षेत्र की कुछ दुकानों में खाद तो उपलब्ध है परन्तु कीमत सौ से दो सौ रूपए अधिक है।

## जिले में सरसों तेल की गुणवत्ता की जांच के लिए अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला कबीरधाम में सरसों तेल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जांच अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार नेले और खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार साहू ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कन्हैया प्रोविजन एवं जनरल स्टोर्स, फार्चुन भवानी ट्रेडर्स और अग्रवाल किराना,



उडियाखुर्द से सरसों तेल के तीन नमूने संकलित किए गए। इन नमूनों को गुणवत्ता जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। यह कदम सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि आम जनता को अच्छी गुणवत्ता का खाद्य तेल प्राप्त हो। राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित प्रतिष्ठानों और विनिर्माताओं के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और नियम विनियम 2011 के प्रावधानों के तहत उचित कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, खाद्य व्यापारियों को निर्देशित किया गया है कि वे मानक गुणवत्ता की खाद्य सामग्री का विक्रय करें, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, और बिना अनुज्ञप्ति या पंजीयन के व्यापार न करें। इस अभियान में सहायक ग्रेड बिसौहा राम धुर्वे भी उपस्थित रहे। इस प्रकार का निरीक्षण और जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि जनता को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री प्राप्त हो सके।

### यातायात नियमों की समझाइश देने पुलिस की अभिनव पहल

# सड़क पर दिखे गदा थामे यमराज और चित्रगुप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सड़क पर पुलिस के साथ हाथों में रस्सा और गदा लिए यमराज साथ चित्रगुप्त सुगम सुरक्षित यातायात की समझाइश देने के लिए निकले। जिला मुख्यालय में बढ़ते सड़क हादसों और यातायात के दबाव को देखते हुए पुलिस ने एक अनोखे अंदाज में जागरूकता अभियान चलाया।

पुलिसकर्मियों के साथ यमराज और चित्रगुप्त की वेशभूषा धारण किए कलाकारों ने सड़क पर उतरकर राहगीरों को हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी।

सड़क पर पहली नजर यमराज और चित्रगुप्त को देखकर हैरान लोगों को तब समझ आया जब उन्होंने करीब आकर यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया।

इस दौरान बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट और तीन सवारी चलने वालों को न केवल रोका गया बल्कि उन्हें यह भी बताया गया कि नियमों का उल्लंघन मौत को न्यौता देने जैसा है।

यमराज बने कलाकार ने वाहन चालकों को समझाया कि हेलमेट और सीटबेल्ट केवल कानून का पालन करने के लिए जरूरी नहीं हैं, बल्कि ये जीवन की ढाल है। हेलमेट सिर को चोटों से बचाता है और सीटबेल्ट दुर्घटना के दौरान गंभीर चोटों को रोकता है।



### नशे में गाड़ी चलाना हादसे का कारण

चित्रगुप्त के रूप में मौजूद पुलिसकर्मी ने चालकों को मजाकिया लेकिन गंभीर लहजे में बताया कि तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाना और मोबाइल फोन का इस्तेमाल दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि हम आपके कर्मों का हिसाब रखने आए हैं लेकिन हम चाहते हैं कि आप खुद सुरक्षित रहें। सड़क सुरक्षा महा अभियान को लेकर लोगों में जबर्दस्त उत्साह देखा गया। राहगीरों, बच्चों और युवाओं ने यमराज और चित्रगुप्त के किरदारों के साथ तस्वीरें लीं और यातायात नियमों को समझने में रुचि दिखाई और कहा यह तरीका बहुत रोचक है यह हमें सोचने पर मजबूर करता है कि हम अपनी सुरक्षा के लिए कितने लापरवाह बने हुए है। इस दौरान एएसआई धनेश्वर साहू, प्रआर आशुतोष सिंह, गन्नूराम साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### अभिनव प्रयास प्रेरणादायक : एडिशनल एसपी

एएसपी नितेश कुमार गौतम ने कहा कि पुलिस ने इस अभियान के जरिए न केवल लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया, बल्कि यह भी चेतावनी दी कि अगर अगली बार नियम तोड़े गए तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। हाल ही में पांच वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किया गया हैं। यमराज और चित्रगुप्त का यह अनोखा अवतार सिर्फ एक जागरूकता अभियान नहीं था, बल्कि लोगों के दिलों को छूने वाला प्रयास था. हास्य-व्यंग्य के जरिए पुलिस ने यह दिखा दिया कि नियमों का पालन करना जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है। पुलिस का यह अभिनव प्रयास न केवल मजेदार बल्कि प्रेरणादायक भी है। सुरक्षित जन, सुरक्षित परिवहन का संदेश अब हर किसी की जुबान पर है।

## विधायक ने किया भूमिपूजन



**डोंगरगांव।** विधायक दलेश्वर साहू ने विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की सौगात देते हुए भूमिपूजन किया। कुछ वार्डों के लिए विधिवत प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किया। उन्होंने विधायक निधि अंतर्गत तीन कार्यों का भूमिपूजन किया जिसमें वार्ड 1 आत्मानंद स्कूल के पास मंच निर्माण लागत 3 लाख, वार्ड 2 में आदिवासी सामुदायिक भवन लागत 5 लाख एवं राजा पावर जिम व्यायाम शाला में अतिरिक्त कार्य लागत 99 हजार शामिल है। उन्होंने विधायक निधि से स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए 9 लाख के लागत की महिला वर्कशॉप की स्वीकृति प्रदान किया। इस अवसर पर जयश्री साहू, इंदू साहू, संध्या साहू, ललित लोढ़ा, सतीश वैष्णव, वैशाली बोरकर, निशा नखत, किशोर बोहरा, प्रियंक जैन, रवि शुक्ला, महेंद्र वैष्णव, श्रुति शुक्ला, शशांक, विशाल, पवन ठाकुर, विनोद बाबू, सुनील पंजवानी, संतोष शर्मा, विक्रम सिंह एवं सीएमओ विनम्र जेमा सहित अन्य उपस्थित थे।

// आम सूचना सह शपथ पत्र //

मै नंदकुमार साहू पिता साधुराम साहू निवासी ग्राम पेंड्रीकला, पो. बल्देवपुर, तहसील खैरागढ़ जिला खै रा ग ढ़ - छु ई ख दा न - गं ड ई शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ।

यह कि मेरा सही व सत्य नाम नंदकुमार पिता साधुराम साहू है।

यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमाकं 5512-2734-7326 में त्रुटिवश आनंद राम साहू पिता साधु राम साहू दर्ज हो गया है जिसे मैं उपयोग में नहीं लेना चाहता।

यह कि आधार कार्ड में नाम आनंद राम साहू की जगह त्रुटि सुधार कर नंदकुमार साहू करने सक्षम प्राधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यह कि मेरा सही व सत्य नाम नंदकुमार साहू है यही नाम मैं भविष्य में उपयोग में लेना चाहता हूँ।

दिनांक 10/01/2025

शपथकर्ता

**नंदकुमार साहू** पिता साधुराम साहू ग्राम पेंड्रीकला, पो. बल्देवपुर, तह खैरागढ़ जिला केसीजी छग

## सार समाचार

### 26 और 30 को शुष्क दिवस घोषित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी महात्मा गांधी निर्वाण दिवस पर शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने 26 जनवरी एवं 30 जनवरी को राजनांदगांव जिले की सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों, रेस्टोरेन्ट बार, होटल बार, क्लब एवं मद्य भण्डारण-भण्डागार को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के निर्देश दिए है तथा संस्थानों में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को सुबह 11 बजे शासकीय विभागों, पीएसयू कार्यालय एवं शिक्षण संस्थानों अन्य संस्थानों में मतदाता शपथ दिलाई जाएगी।

### गणतंत्र समारोह में शामिल होंगी खिलेश्वरी

**राजनांदगांव।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में जल जीवन मिशन अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ढोडिया की जल बहिनी खिलेश्वरी साहू को शामिल होने आमंत्रित किया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जल बहिनी खिलेश्वरी साहू को गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि श्रीमती खिलेश्वरी साहू ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की सक्रिय सदस्य है। उनके द्वारा ग्राम ढोडिया में एफटीके के माध्यम से जल स्त्रोतों की जांच की जाती है। साथ ही ग्रामीणों को जल उपयोगिता एवं जल संरक्षण हेतु जागरूक कर रही है। सभी ग्रामीणों को प्रतिमाह समय पर जल कर जमा करने प्रेरित करती है। खिलेश्वरी साहू ग्राम में संचालित नल जल योजना के प्रति ओनरशिप डेवलप करने हेतु सराहनीय कार्य किया गया है।

### ओटीपी दूसरों को नहीं करें साझा

**राजनांदगांव।** शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का शुभारंभ राजनांदगांव जिले में हो गया है। बीएलसी घटक अंतर्गत मोर जमीन-मोर मकान के तहत प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री प्रधानमंत्री आवास योजना के वेब यूनीफाइड पोर्टल में किया जा रहा है। योजना अंतर्गत ऑनलाइन एंट्री में आवेदक के आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी आता है। ऑनलाइन की प्रक्रिया नगर पंचायत कार्यालयों के आवास योजना शाखा से किया जा रहा है। आवेदकों को मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी को ऑनलाइन एंट्री करने वाले कर्मचारी को ही देने की अपील करते किसी भी अन्य व्यक्ति को ओटीपी साझा नहीं करने कहा गया है।

### सीईओ ने की शासकीय कार्यों के प्रगति की समीक्षा

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सभी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में प्रगति लाने आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास प्लस के शेष परिवारों का शत-प्रतिशत पंजीयन एवं जियो टैग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनांतर्गत कोई भी पात्र हितग्राही पंजीयन के लिए छूटना नहीं चाहिए। वर्ष 2024-25 में स्वीकृत सभी आवासों को शीघ्र प्रारंभ कराने तथा आवास निर्माण में प्रगति लाने व पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीईओ ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की सभी तैयारियों की समीक्षा की।




### 25 को युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज अर्जुनी क्षेत्रीय स्तरीय एवं पचगईया युवक-युवती परिचय सम्मेलन व गुहराज निषाद जंयती समारोह 25 जनवरी को मेढ़ा अर्जुनी में कलश यात्रा 9 बजे से तथा पूजा आरती दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम आयोजित की गई है। समाज के मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद सोनवानी ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू व अध्यक्षता निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद करेंगे। विशिष्ट अतिथि द्रुपद मुन्ना निषाद, हीरा भाई निषाद, इंदुमती साहू, मोहनीश साहू, सुशीला निषाद, गिरधर निषाद, पदमनी निषाद, रेखालाल निषाद, लोकेश निषाद, चैनकुमार निषाद, टीकम निषाद, मीलूराम साहू उपस्थित रहेंगे।



### 24 से निःशुल्क मेगा कैम्प

**राजनांदगांव।** पशुधन विकास विभाग जिला राजनांदगांव के अंतर्गत जिला पशु चिकित्सालय राजनांदगांव में पशु कल्याण पखवाड़ा 24 एवं 25 जनवरी को सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी प्रकार के पशुओं का इलाज किया जाएगा। डॉग एवं कैट के लिए निःशुल्क एंटी रेबीज वैक्सीन लगाया जाएगा। गाय, बैल एवं भेड़-बकरी को मिनरल मिक्सर, क्रिमीनाशक दवाई एवं किलनीनाशक दवाई वितरित किया जाएगा। साथ ही सभी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। स्ट्रीट डॉग के लिए एनिमल कंट्रोल बर्थ कंट्रोल प्रोग्राम अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा एवं पक्षियों के पानी पीने के लिए लिए मिट्टी के पात्र का वितरण किया जाएगा। जिसमें पशुपालक/ डॉग ओनर अधिक से अधिक संख्या में आकर कैंप का लाभ ले सकते हैं।




### परिजनों के साथ सौंपा ज्ञापन, लंबे समय से कर रहे संघर्ष

# मांग नहीं हुई पूरी, दिव्यांगजनों ने किया चुनाव बहिष्कार का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी छह सूत्रीय मांगों को पूरी कराने के लिए संघर्ष कर रहे दिव्यांगजनों ने नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के बहिष्कार करने का ऐलान किया है। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर दिव्यांगजनों ने प्रदेशभर के 7 लाख दिव्यांगजन और उनके परिवार द्वारा चुनाव बहिष्कार किए जाने की जानकारी ज्ञापन के माध्यम से दी है।

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे दिव्यांगजनों ने कहा कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को पूरी कराने संघर्ष कर रहे हैं। अपनी मांग पूरा नहीं होता देख दिव्यांगजनों ने अपनी प्रदेश स्तरीय बैठक के माध्यम से चुनाव बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।



#### मई माह में उग्र आंदोलन

दिव्यांगों ने कहा कि चुनाव बहिष्कार के बाद भी उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो आगामी मई माह में फिर से धरना प्रदर्शन, पैदल मार्च, रैली जैसे वृहद आंदोलन किए जाएंगे।

#### मांग पूरी करने आश्वासन

दिव्यांगजनों ने कहा कि उनकी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर बीते 26 अगस्त को वर्तमान सरकार द्वारा 15 दिवस के भीतर मांग पूरी करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं हुई। जिसके चलते उन्होंने बीते 3 दिसंबर को दिव्यांग दिवस का बहिष्कार भी किया था। समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री से मुलाकात करवाने का आश्वसन दिया गया था, लेकिन 9 दिसंबर को भी मुख्यमंत्री से उनकी मुलाकात नहीं करवाई गई।

#### दिव्यांगजनों ने रखी छह सूत्रीय मांग

दिव्यांगजनों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों के तहत प्रतिमाह 5 हजार मासिक पेंशन, बीपीएल की बाध्यता खत्म करने, फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र पर सरकारी नौकरी कर रहे 127 फर्जी दिव्यांगों को बर्खास्त करने, 18 वर्ष से अधिक आयु की दिव्यांग युवती एवं महिला को महतारी वंदन योजना का लाभ देने, दिव्यांग बेरोजगारों को बिना गारंटी लोन देने और कोरोनाकाल पूर्व दिए गए समस्त ऋण माफ करने, दिव्यांगजनों के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाकर शासकीय पद हेतु विज्ञापन जारी करने की मांग की है।

### बच्चों को बांटा बिस्किट



**राजनांदगांव।** मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में आशा नगर में महिला सुरक्षा संगठन फाउंडेशन की ओर से तिल्ली लड्डू और बिस्किट बच्चों और बड़ों को बांटा गया। इस अवसर पर महिला सुरक्षा संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष कांति मौर्य, साधना साहू, आयुषी कसार, रिंकी कसार, हिमेश्वरी, डोमन, श्रद्धा कोचरे समेत अन्य लोग शामिल थे।

### आकलन शिविर आज से

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा के तहत विकासखंडों में 22 जनवरी से 1 फरवरी तक दिव्यांग बच्चों का आकलन शिविर का आयोजन किया जाएगा। डोंगरगढ़ विकासखंड में 22, छुरिया विखं में 25, डोंगरगांव विखं में 29 तथा जनवरी 1 फरवरी को राजनांदगांव विखं में दिव्यांग बच्चों के लिए आकलन शिविर का किया गया है। शिविर में दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र, नवीनीकरण, यूडीआईडी, उपकरण हेतु चिन्हांकन किया जाएगा।

## 12 टीम के ढाई सौ खिलाड़ियों के बीच होगा कड़ा मुकाबला

■ आईपीएल की तर्ज पर होगी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित परशुराम कप का आज से आगाज होने जा रहा है। अगले 12 दिनों तक दूधिया रौशनी में खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता में शहर के ढाई सौ खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। आईपीएल की तर्ज पर आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता की खास बात यह यह है कि इसका प्रसारण यू-ट्यूब के माध्यम से लाईव किया जाएगा। पहले दिन चार समाज की टीम के बीच फ्रेंडली मैच का आयोजन किया गया है।

आयोजन समिति के सदस्य तथागत पांडे ने बताया कि अयोध्या में निर्मित प्रभु श्रीराम लला के मंदिर में मूर्ति स्थापना के एक वर्ष पूरा होने पर सर्व ब्राह्म्ण समाज के तत्वाधान में यह क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।



प्रतियोगिता में बारह टीम हिस्सा ले रही है। जिसमें करीब ढाई सौ खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि आज से 2 फरवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में रोजाना दस ओवर के मैच खेले जाएंगे। आयोजन को खास बनाने लाईस स्कोरिंग के साथ ही यू-ट्यूब के माध्यम से लाईव प्रसारित भी किया जाएगा।

## रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगरीय निकाय हेतु नाम निर्देशन प्राप्त करने हेतु रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्त किया है। इसके अंतर्गत नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत महापौर पद के लिए न्यायालय कलेक्टर राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 2 में संयुक्त कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर राजनांदगांव खेमलाल वर्मा को नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

वार्ड क्रमांक 1 से 13 तक पार्षद पद हेतु न्यायालय नजूल अधिकारी कक्ष क्रमांक 31 कार्यालय कलेक्टर राजनांदगांव में डिप्टी कलेक्टर प्रकाश कुमार टंडन, वार्ड क्र. 14 से 26 तक पार्षद पद हेतु कक्ष क्र. 51 कार्यालय कलेक्टर राजनांदगांव में डिप्टी कलेक्टर शिल्पा देवांगन, वार्ड क्र. 27 से 39 तक पार्षद पद के लिए न्यायालय भाड़ा नियंत्रण अधिकारी कक्ष क्र. 50 कार्यालय कलेक्टर राजनांदगांव में संयुक्त कलेक्टर सरस्वती बंजारे, वार्ड क्र. 40 से 51 तक पार्षद पद के लिए कार्यालय कलेक्टर कक्ष क्र. 30 राजनांदगांव में संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल को नाम निर्देशन प्राप्त करने के लिए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।




नगर पालिक परिषद् डोंगरगढ़ अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग ऑफिसर डोंगरगढ़ मनोज कुमार मरकाम को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पालिक परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत अध्यक्ष एवं वार्ड क्र. 1 से 24 तक के पार्षद पद के लिए न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ में तहसीलदार एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर डोंगरगढ़ मुकेश कुमार ठाकुर द्वारा नाम निर्देशन प्राप्त किया जाएगा।

नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग ऑफिसर डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत अध्यक्ष एवं वार्ड क्र. 1 से 15 तक के पार्षद पद हेतु न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव में नायब तहसीलदार एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर डोंगरगांव में जगदेव प्रसाद खुंटे द्वारा नाम निर्देशन प्राप्त किया जाएगा। नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत तहसीलदार कुमर्दा एवं रिटर्निंग ऑफिसर छुरिया आंकाक्षा साहू को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत अध्यक्ष एवं वार्ड क्र. 1 से 15 तक के पार्षद पद हेतु न्यायालय तहसीलदार कक्ष तहसील कार्यालय छुरिया में मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर छुरिया लाल अजय बहादुर द्वारा नाम निर्देशन प्राप्त किया जाएगा। नगर पंचायत लालबहादुर नगर अंतर्गत तहसीलदार लालबहादुर नगर एवं रिटर्निंग ऑफिसर लालबहादुर नगर नीलकंठ जनबंधु को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत लालबहादुर नगर अंतर्गत अध्यक्ष एवं वार्ड क्र. 1 से 15 तक के पार्षद पद हेतु न्यायालय तहसीलदार कक्ष तहसील कार्यालय लालबहादुर नगर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर लालबहादुर नगर वनीश चंद्र दुबे द्वारा नाम निर्देशन प्राप्त किया जाएगा।

## मासूमों की जान जोखिम में डालने वाले शिक्षकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मासूम बच्चो के आड मे शैक्षणिक भ्रमण के नाम पर प्रत्येक छात्र-छात्राओं से शिक्षकों ने लिए पांच पांच सौ रुपए का चंदा ,पहुंच गए बस्तर, वापसी में हो गया मौत का तांडव, केवटटोला छात्रों के बस दुर्घटना मामले के बाद मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के भीतर निरंकुश व्यवस्था के साथ चल रहे शिक्षा विभाग की पोल खोल के रख दिया है।

बस्तर के कोंडागांव में भीषण सड़क हादसा से पहले मोहला विकासखंड के कई स्कूलों के शिक्षक बिना किसी परमिशन के जानवरों की तरह ठुस ठुस के छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ के अन्यत्र जिलों में शैक्षणिक भ्रमण के नाम पर सफर कराते रहे इधर इसी का देखा देखी केवटटोला के भी शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राओं को लेकर पहुंच गए बस्तर।

हादसे के बाद कुंभकर्णय नींद से जागते हुए शिक्षा विभाग ने केवटटोला माध्यमिक शाला के पूरे स्टाफ को नोटिस जारी करते हुए मोहला विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयकों से स्कूली विद्यार्थियों को भ्रमण करवाने वाले स्कूलों की जानकारी मांगी है।

उल्लेखनीय है कि बीते शनिवार को कांकेर रोडवेज की 41 सीटर बस में मोहला विकासखंड के केवटटोला माध्यमिक शाला मे अध्यनरत छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं सहित 65 लोग कांकेर, जगदलपुर, दंतेवाड़ा तीरथगढ़ बारसूर चित्रकूट भ्रमण से वापसी के दौरान कोडागांव मे ट्रक के साथ आमने-सामने का भिड़ंत हो गया इस हादसे में ट्रक ड्राइवर तथा प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई हादसे में कंडक्टर के बच्चें सहित तीन माध्यमिक शाला के छात्रों की स्थिति नाजुक बनी हुई है जिनका इलाज रायपुर मेंकाहारा में जारी है वही लगभग 30 छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण घायल हुए हैं जिन्हें मस्कत के बीच बस्तर से वापस सोमवार देर रात घर वापस लाया गया है। आज इस मामले में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी व मोहला मानपुर विधायक इंद्र शाह मंडावी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर स्थानीय प्रशासन को आडे हाथ लिया है।

#### हादसे से खुली पोल लगातार कराया जा रहा था भ्रमण

केवटटोला स्कूली छात्र-छात्राओं को बस्तर भ्रमण करवाने से पहले प्राथमिक शाला ढुढेरा मे पदस्थ प्रधान पाठक सुनील शर्मा मासूम छात्र-छात्राओं को पिकअप वाहन में ठुस ठुस कर भ्रमण के लिए अन्य जिला ले गए थे इसी तरह गोटाटोला कन्या मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक जागेश्वरसाहू, बालक मिडिल स्कूल के प्रधान पाठिका सत्यवती मंडावी बिना किसी अनुमति के दोनों स्कूलों के छात्र-छात्राओं को बस बुकिंग कर अनियंत्रित जिला भ्रमण करवाने ले गए थे जिन्होंने अपने मोबाइल पर स्टेटस व व्हाट्सएप ग्रुपों में फोटो शेयर किया था जिसके बाद केवटटोला माध्यमिक शाला के शिक्षकों ने देखा देखी बस्तर विजिट का प्लान किया।

#### इन्हें दिया गया नोटिस

शैक्षणिक भ्रमण के नाम पर मासूम छात्र-छात्राओं की जान को जोखिम में डालने वाले केवटटोला माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक भीमराव बारसागढे , शिक्षक दिलीप गोरे, शिक्षिका कोकिला मंडावी, बलवंत हिरवानी, को विकासखंड शिक्षा कार्यालय ने नोटिस जारी किया है साथ ही विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयक व प्राचार्यो को नोटिस जारी कर स्कूली विद्यार्थियों को बिना विभागीय अनुमति के कौन-कौन से स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाएं भ्रमण करवाने ले गए थे जिसकी जानकारी तीन दिनों के भीतर प्रस्तुत करने कहा गया है।

#### पांच सौ का वसूली कर पहुंचे बस्तर

केवटटोला माध्यमिक शाला मे अध्यनरत छात्र छात्राओं के माता-पिता और ग्रामीणों ने बताया कि स्कूली बस्तर भ्रमण के नाम पर प्रत्येक छात्र पांच सौ रूपय शिक्षक शिक्षिकाओं ने डिमांड रखा था जिन्हें उनके द्वारा दिया गया ।

#### शैक्षणिक भ्रमण के नाम पर पिकनिक मना रहे कर्मचारी

आज प्रेस वार्ता में विधायक ने कहा कि आज भी 04 बच्चे रायपुर मेकाहारा तथा सफाईकर्मी सहित 04 बच्चे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला तथा एक शिक्षक तथा शिक्षक के परिजन कोंडागांव में स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। मेकाहारा में भर्ती कल्पना साहू गंभीर है जिनका जबड़ा तीन जगह से टूटा हुआ है। इस लापरवाही का जिम्मेदार जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग है जो बच्चों और पालकों से पैसे ऐंठकर शैक्षणिक भ्रमण के नाम पर अघोषित पिकनिक मनाने, बच्चों के जान को जोखिम में डालकर ले गए। इन सब मामलों से जाहिर होता है कि जिला की प्रशासनिक प्रमुख कलेक्टर का भी नियंत्रण विभागों में नहीं है। इसी तरह डुंडेरा के बच्चों को भी पिकअप में ठूंसकर सियादई पर्यटन स्थल भ्रमण के लिए तथा गोटाटोला के बच्चों को भारत ट्रेवल्स की बस से शैक्षणिक भ्रमण के नाम से पिकनिक मे ले जाया गया था।

### निगम ने हटाए बैनर-पोस्टर

**राजनांदगांव।** राज्य निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 चुनाव के लिए जारी कार्यक्रम पश्चात आदर्श आचार सहिता क्रियाशील होते ही कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व में संपत्ति विरूपण के तहत प्रभावशील कार्रवाई की जा रही है और शासकीय एवं निजी संपत्तियों पर लगे बैनर-पोस्टर हटाया जा रहा है। दूसरे दिन 120 छोटे-बड़े बैनर-पोस्टर व झंडी हटाकर 58 दीवार लेखन मिटाने की कार्रवाई की गई।



संपत्ति विरूपण कारवाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर निगम सीमांतर्गत संपत्ति विरूपण के तहत प्रभावशील कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत दूसरे दिन सुबह से रेवाडीह, पेंड्री, बसंतपुर, नंदई, मोहारा, हल्दी, लखोली, कंचनबाग, आरामशीन रोड, तुलसीपुर, ममता नगर, दुर्गा चौक, गुडाखू लाइन आदि सार्वजनिक एवं निजी स्थलों से 120 छोटे-बड़े बोर्ड, झंडी हटाकर 58 दीवार लेखन मिटाए गए। उक्त कार्रवाई प्रतिदिन जारी रहेगी। आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि गठित समिति नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के दौरान राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों द्वारा अपनी पार्टी स्वयं के प्रचार-प्रसार हेतु शासकीय, निजी, सार्वजनिक भवनों के दीवारों पर नारे प्रतीक चुनाव चिन्ह लिखकर किए गए सम्पत्ति विरूपण के निरीक्षण एवं विरूपण को हटाने-मिटाने से संबंधित कार्यों का निस्पादन करने तथा प्रतिदिन की गई कार्रवाई की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित कर रहे हैं।

## बच्चों ने दिया सुरक्षित यातायात का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यातायात नियमों का पालन नहीं करने की वजह से बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जागरूकता के उद्देश्य से यातायात पुलिस विभाग कार्यालय परिसर में 150 से अधिक स्कूली विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर आयोजित चित्रकारी प्रतियोगिता में शामिल होकर अपनी चित्रकला के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात विभाग द्वारा विभिन्न संगठनों के सहयोग से यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज यातायात कार्यालय परिसर में बच्चों के बीच यातायात जागरूकता को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शहर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी शामिल हुए।



#### बच्चे होंगे पुरस्कृत

सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित की गई इस चित्रकला प्रतियोगिता का पुरस्कार बच्चों को सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर 31 जनवरी को दिया जाएगा।

#### संदेशप्रद चित्रकारी

यातायात प्रभारी अजय खेस ने बताया कि स्कूली बच्चों के बीच कराई गई इस चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में यातायात के प्रति जागरूकता लाना है। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में निर्णायक के तौर पर उपस्थित यामिनी कला केंद्र के संचालक रितेश देवांगन ने बताया कि बच्चों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम चित्रकारी के लिए दिया गया था। जिसमें सड़क सुरक्षा को लेकर बच्चों ने संदेशप्रद चित्रकारी की है।

#### सड़क सुरक्षा पर बनाया चित्र

बच्चों ने अपनी चित्रकारी के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं के कारण, दुर्घटनाओं से बचाव, स्वयं की सुरक्षा, वाहन की स्पीड, यातायात सिग्नल और संकेतकों का पालन, नशे में वाहन नहीं चलने, हेलमेट जागरूकता, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने जैसे चित्र बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।






हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 22 जनवरी 2025



## भाजपा में सामान्य वर्ग को प्रत्याशी बनाने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव महापौर पद के अनारक्षित होने के बाद अब सामान्य वर्ग से ही प्रत्याशी बनाए जाने की मांग तेज हो गई है। भाजपा संगठन में प्रदेश स्तर पर इस आशय की मांग को लेकर माहौल भी बन रहा है। इधर कांग्रेस में जिन दावेदारों के नाम चल रहे हैं, उनमें अधिकांश सामान्य वर्ग के ही हैं।

उल्लेखनीय है कि शहर के महापौर का पद अनारक्षित होने के बाद से ही दावेदारों में जबर्दस्त




उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों में थोक में दावेदार सामने आ गए हैं। संगठन स्तर पर रायशुमारी का दौर भी चल रहा है। इस बीच दोनों ही पार्टियों के नेताओं ने अनारक्षित सीट पर सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को ही मैदान में उतारने की मांग तेज कर दी है। बताया जाता है कि भाजपा के कुछ शीर्ष नेताओं ने भी इस आशय को लेकर प्रदेश भाजपा के नेताओं से मुलाकात कर अनारक्षित सीट में सामान्य वर्ग का प्रत्याशी बनाने की मांग की है।

### आखिर कब मिलेगा मौका?

अनारक्षित सीट पर सामान्य वर्ग से प्रत्याशी बनाए जाने की मांग करने वाले नेताओं का कहना है कि पिछले 2015 में महापौर का पद अनारक्षित होने के बाद भी ओबीसी वर्ग से महापौर चुना गया था। ऐसे में इस बार यह सीट अनारक्षित होने से दोनों पार्टी में सामान्य वर्ग से ही प्रत्याशी उतारने की मांग उठने लगी है।


# भाजपा ने 23 तक मंगाए पैनल, कांग्रेस ने बंद लिफाफे में मांगे दावेदारों के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनावों की घोषणा के साथ ही अब दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों ने प्रत्याशी चयन की कवायद तेज कर दी है। भाजपा ने जहां मंगलवार को संभाग स्तरीय बैठक कर सभी सीटों से तीन नामों का पैनल 23 जनवरी से पहले मंगाए हैं। वहीं कांग्रेस अपने आंतरिक सर्वे एवं पर्यवेक्षक से मिले फीडबैक के अनुसार प्रत्याशियों का चयन करेगी। वहीं दोनों ही दल में महापौर प्रत्याशी का चयन प्रदेश संगठन के जरिये ही किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को दुर्ग में भाजपा की संभाग स्तर पर गठित चुनावी टीम ने एक बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे ने की। बैठक में ही प्रत्याशी चयन के फार्मूले को लेकर चर्चा की गई। यह तय किया गया है कि सभी सीटों से तीन नामों का पैनल 23 जनवरी से पहले मंगाया जाएगा। जिसके बाद चयन समिति एक-एक नाम फाइनल करेगी। वहीं कांग्रेस ने भी प्रत्याशियों की सूची जारी करने से पहले अपना एक सर्वे कराया है। इसके अलावा पर्यवेक्षक शैलेष नितिन त्रिवेद्वी भी सभी दावेदारों से वन-टू-वन मिल रहे हैं। पर्यवेक्षक से मिले फीडबैक के आधार पर ही टिकट वितरण किया जाएगा।




फाईल फोटो

**बैठक में बनी रणनीति, तय होंगे नाम:** भाजपा ने नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक आयोजित की। जिसमें दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव खैरागढ़, मानपुर मोहला जिले के अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल , प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय की उपस्थिती में प्रत्याश चयन को लेकर भी चर्चा की गई। बताया गया कि भाजपा ने 23 जनवरी तक तीन नामों का पैनल मंगाया है। स्थानीय नेताओं से रायशुमारी, पर्यवेक्षक के फीडबैक के साथ ही संगठन में दावेदारो की सक्रीयता को देखकर ही प्रत्याशी चयन किया जाएगा।

### कांग्रेस ने मांगा पैनल

इधर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी पर्यवेक्षक शैलेष नीतिन त्रिवेदी से बंद लिफाफे में पैनल मांगा है। बताया जाता है कि कांग्रेस संगठन ने बूथ से लेकर ब्लॉक स्तर से दावेदारों से आवेदन लिए हैं। कुछ वार्ड में सर्वानुमति बनाने की भी कोशिश चल रही है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि एक-दो दिनों के भीतर पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस को सौंप देंगे। 23 को पार्षदो के नाम तय होने के बाद 25 जनवरी को महापौर प्रत्याशी पर मंथन कर प्रत्याशी चयन किया जाएगा।

### वाट्सएप में भी भेज रहे बॉयोडाटा

*कांग्रेस ने सभी इच्छुक दावेदारों को अवसर देने के लिए ब्लॉक कांग्रेस के माध्यम से आवेदन मंगाए थे, लेकिन इससे आगे बढ़कर दावेदार अपना बॉयोडाटा पर्यवेक्षक सहित प्रदेश के आला नेताओं को वाट्सएप के माध्यम से भी भेज रहे हैं। ऐसे में नेताओं की दिक्कतें भी बढ़ गई है। अब तक सभी वार्डों में दो से तीन नाम सामने आ गए है।*

### गिरीश देवांगन से मिले दावेदार

*विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे गिरीश देवांगन भी लगातार निकाय चुनाव को लेकर राजनांदगांव के दौरे पर हैं। मंगलवार को उनके शहर आगमन पर दावेदारों ने उनसे मुलाकात कर अपनी दावेदारी पेश की। इसके अलावा उन्होंने वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर भी जमीनी स्थिति का पता लगाया।*



## चित्रकारी के जरिये बच्चों ने दिया सुरक्षित यातायात का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

यातायात नियमों का पालन नहीं करने की वजह से बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जागरूकता के उद्देश्य से यातायात पुलिस विभाग कार्यालय परिसर में 150 से अधिक स्कूली विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम पर आयोजित चित्रकारी प्रतियोगिता में शामिल होकर अपनी चित्रकला के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात विभाग द्वारा विभिन्न संगठनों के सहयोग से यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज यातायात कार्यालय परिसर में बच्चों के बीच यातायात जागरूकता को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शहर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी शामिल हुए।

### संदेशप्रद चित्रकारी

यातायात प्रभारी अजय खेस ने बताया कि स्कूली बच्चों के बीच कराई गई इस चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में यातायात के प्रति जागरूकता लाना है। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में निर्णायक के तौर पर उपस्थित यामिनी कला केंद्र के संचालक रितेश देवांगन ने बताया कि बच्चों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम चित्रकारी के लिए दिया गया था। सड़क सुरक्षा को लेकर बच्चों ने संदेशप्रद चित्रकारी की है।

### बच्चे होंगे पुरस्कृत

सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित की गई इस चित्रकला प्रतियोगिता का पुरस्कार बच्चों को सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर 31 जनवरी को दिया जाएगा।

### सड़क सुरक्षा पर बनाया चित्र

बच्चों ने अपनी चित्रकारी के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं के कारण, दुर्घटनाओं से बचाव, स्वयं की सुरक्षा, वाहन की स्पीड, यातायात सिग्नल और संकेतकों का पालन, नशे में वाहन नहीं चलने, हेलमेट जागरूकता, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने जैसे चित्र बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

## गुम नाबालिग बालिका गुंडरदेही में मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर से बिना बताए कहीं चली गई बालिका का खोजबीन कर पुलिस ने गुंडरदेही से बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव के अपराध धारा-363 भादवि की गुम नाबालिग बालिका, जो अपने घर में बिना बताए कहीं चली गई थी। जिसकी कायमी दिनांक से पुलिस द्वारा लगातार पता-तलाश करते 21 जनवरी को गुंडरदेही से बरामद किया गया है।

गुम बालिका का कथन लेखकर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, उप निरीक्षक लाभाराम साहू, महिला प्रधान आरक्षक कल्पना अंबादे का विशेष योगदान रहा।

## मंडी में सजी थी जुंए की फड़, पुलिस की दबिश में दस हजार नगद जब्त, 7 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सब्जी मंडी आम जगह पर जुंआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी। जिससे जुंआ खेल रहे आरोपियों में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने मौके पर 7 आरोपियों को पकड़ा। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। आरोपियों से 10,230 रुपए बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर बसंतपुर पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पुलिस द्वारा 7 जुआरियों पर जुंआ एक्ट के तहत कार्रवाई करने में सफलता मिली है। ज्ञात हो कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ था कि सब्जी मंडी राजनांदगांव में कुछ जुआरी ताश के पत्तों से रुपए-पैसे का दांव लगाकर जुंआ खेल रहे हैं कि सूचना पर थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई हेतु रवाना किया गया था।

**मौके पर घेराबंदी कर पकड़ा :** उक्त टीम द्वारा सब्जी मंडी में घेराबंदी कर दर्शित स्थल पर रेड कार्रवाई किया गया। रेड कार्रवाई के दौरान मौके पर 7 जुआरी जुंआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गए। जिनसे पूछताछ करने पर अपना-अपना नाम अमित यादव 39 साल, राहुल बघेल 29 साल, नरसिंह यादव 40 साल, लोकेश यादव 19, गजानंद साहू 40 साल, देवेश साहू 23 साल एवं कुलदीप यादव 27 साल बताए। जिनके पास एवं फड से नगदी रकम 10230 रुपए, ताश के पत्ते एवं एक प्लास्टिक बोरा बरामद कर जब्त किया गया। उक्त 7 आरोपियों के विरूद्व थाना बसंतपुर में धारा छग जुआ प्रतिशेष अधिनियम की धारा 3 के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्व कर गिरफ्तार कर कार्रवाई किया गया है।

### इधर 3 आरोपी और पकड़ाए

सार्वजनिक स्थान में जुंआ खेलने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपियों से नगदी एवं ताश पत्ती बरामद किया गया है। जिनसे पूछताछ करने पर अपना-अपना नाम राजकिशोर राजपूत 26 साल पता ग्राम दर्री, रमेश कुमार 35 साल साकिन दर्री, देवराज निषाद 24 साल साकिन वार्ड नं. 13 राजा खुज्जी का होना बताए। जिनके पास एवं फड से नगदी रकम 2780 रुपए, ताश के पत्ते बरामद कर जब्त किया गया। उक्त 3 आरोपियों के विरूद्ध थाना डोंगरगांव में धारा छग जुआ प्रतिशेध अधिनियम की धारा 03(2) के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर कार्रवाई किया गया है।

## दूसरे दिन निगम की टीम ने हटाए 120 बैनर-पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राज्य निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 चुनाव के लिए जारी कार्यक्रम पश्चात आदर्श आचार सहिता क्रियाशील होते ही कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व में संपत्ति विरूपण के तहत प्रभावशील कार्रवाई की जा रही है और शासकीय एवं निजी संपत्तियों पर लगे बैनर-पोस्टर हटाया जा रहा है। दूसरे दिन 120 छोटे-बड़े बैनर-पोस्टर व झंडी हटाकर 58 दीवार लेखन मिटाने की कार्रवाई की गई।

संपत्ति विरूपण कारवाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर निगम सीमांतर्गत संपत्ति विरूपण के तहत प्रभावशील कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत दूसरे दिन सुबह से रेवाडीह, पेंड्री, बसंतपुर, नंदई, मोहारा, हल्दी, लखोली, कंचनबाग, आरामशीन रोड, तुलसीपुर, ममता नगर, दुर्गा चौक, गुडाखू लाइन आदि सार्वजनिक एवं निजी स्थलों से 120 छोटे-बड़े बोर्ड, झंडी हटाकर 58 दीवार लेखन मिटाए गए। उक्त कार्रवाई प्रतिदिन जारी रहेगी।

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि गठित समिति नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के दौरान राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों द्वारा अपनी पार्टी स्वयं के प्रचार-प्रसार हेतु शासकीय, निजी, सार्वजनिक भवनों के दीवारों पर नारे प्रतीक चुनाव चिन्ह लिखकर किए गए सम्पत्ति विरूपण के निरीक्षण एवं विरूपण को हटाने-मिटाने से संबंधित कार्यों का निस्पादन करने तथा प्रतिदिन की गई कार्रवाई की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित कर रहे हैं।

## दिव्यांग बच्चों का आज से आकलन शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा के तहत विकासखंडों में 22 जनवरी से 1 फरवरी 2025 तक दिव्यांग बच्चों का आकलन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इसके तहत डोंगरगढ़ विकासखंड में 22 जनवरी, छुरिया विखं में 25 जनवरी, डोंगरगांव विखं में 29 जनवरी तथा 1 फरवरी को राजनांदगांव विखं में दिव्यांग बच्चों के लिए आकलन शिविर का किया गया है। शिविर में दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र, नवीनीकरण, यूडीआईडी, उपकरण हेतु चिन्हांकन किया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

### पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बनाई, अफसरों को किया तैनात

## नामांकन आज से: पार्षदों को पांच व महापौर प्रत्याशियों को जमा करने होंगे 20 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। यह प्रक्रिया आगामी 28 जनवरी तक जारी रहेगी। इस दौरान संबंधित निकायों के प्रत्याशी अपने अनुविभागीय कार्यालय में नामांकन जमा कर सकेंगे। इस बार निगम में महापौर प्रत्याशियों को 20 हजार एवं पार्षद प्रत्याशियों को 5 हजार रुपए की जमानत राशि नामांकन के रूप में जमा करनी होगी।

वहीं नगर पालिका में अध्यक्ष पद के लिए 15 हजार एवं पार्षद पद के लिए चार हजार रुपए की राशि नामांकन दाखिल करने के लिए तय की गई है। ऐसे ही नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए दस हजार एवं पार्षदों के लिए तीन हजार रुपए की राशि नामांकन भरने जरूरी होगी। हालांकि एससी, एसटी, ओबीसी एवं महिलाओं के लिए यह रकम आधी हो जाएगी। इधर नामांकन से पहले प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां कर ली है। अफसरों की ड्यूटी लगा दी गई है।

### खास बातें

- प्रत्याशियों को 28 जनवरी तक मिलेगा नामांकन दाखिल करने का अवसर
- 31 को नाम वापसी के बाद साफ होगी सभी वार्डो की चुनावी तस्वीर



**पुलिस सतर्क, अफसरों की लगाई ड्यूटी:** जिले में नगरीय निकाय चुनाव संबंधी प्रक्रिया जारी हो चुकी है, जिसे देखते हुए पुलिस अतिरिक्त सर्तकता बरत रही है। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पांच नगरीय निकाय क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। जिसमें राजपत्रित अधिकारी सहित संबंधित थाना के टीआई व पुलिस जवानों की तैनाती रहेगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार हर निकाय क्षेत्र में लगभग 10 पुलिस जवान, अधिकारी एवं संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों की डूयटी लगाई गई है। प्रभारी अधिकारी एसडीओपी स्तर के अधिकारी रहेंगे। चुनाव के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने संबंधित थाना प्रभारियों को भी निर्देश जारी किए हैं।

समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
डॉ. मयंक जैन
M.B.B.S. (Hons), M.S. Orthopaedics
अस्थि रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
आर्थोस्कोपी और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी ट्रॉमा
आर्कोस्कोपी और ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
- गठिया का इलाज
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर के प्लास्टर एवं ऑपरेशन
- जन्मजात विकार का उपचार
- पुराने नहीं जुड़े एवं मवाद वाले फ्रेक्चर और घाव का उपचार
उपलब्ध सुविधाएं
- घुटने का प्रत्यारोपण
- स्पाइन ट्रॉमा सर्जरी
- कंधे का दर्द
- कूल्हे का प्रत्यारोपण
- आर्थोस्कोपी ACL/PCL
- जोड़ों में दर्द
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
- अपॉईटमेंट हेतु संपर्क करें - 077443 56654
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कूल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## जिले में नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान

# नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कार्यक्रम की जानकारी दीः कलेक्टर

- गोपाल वर्मा ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर निर्वाचन के संबध में दी जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत 2025 के लिए आम निर्वाचन की घोषणा कर दी गई है। जिसके अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने प्रेसवार्ता लेकर जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन कार्यक्रम में संबंध में जानकारी दी।

कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रेसवार्ता के बाद राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर निर्वाचन के संबध में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त एवं अन्य अधिकारी तथा मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगरीय निकाय के लिए 22 जनवरी 2025 को निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थानों सीटों के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन एवं रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन तथा 22 जनवरी 2025 से रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी 2025 को तक है। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा जांच 29 जनवरी 2025 से की जाएगी। अभ्यर्थी से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 31 जनवरी 2025 तक है। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा 31 जनवरी 2025 को अभ्यर्थी के नाम वापसी के बाद निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन करना और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन किया जाएगा। नगरीय निकाय क्षेत्र में आवश्यकता होने पर मतदान 11 फरवरी 2025 को संपन्न कराया जाएगा। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नगरीय निकाय के लिए मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 15 फरवरी 2025 को की जाएगी।

### जिले के सभी 7 नगरीय निकाय में वार्डो की संख्या 120 है



कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। जिसके अनुसार जिले के सभी 7 नगरीय निकाय में वार्डों की संख्या 120 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 78 हजार 817 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 38 हजार 578, महिला मतदाताओं की संख्या 40 हजार 239 है। इन सभी निकायों में 145 मतदान केन्द्र है। नगर पालिका कवर्धा अंतर्गत वार्डों की संख्या 27 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 39 हजार 276 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 19 हजार 271, महिला मतदाताओं की संख्या 20 हजार 05 है। कवर्धा नगर पालिका अंतर्गत कुल 52 मतदान केन्द्र है। नगर पालिका पंडरिया अंतर्गत वार्डों की संख्या 18 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 14 हजार 715 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 7 हजार 150, महिला मतदाताओं की संख्या 07 हजार 565 है। पंडरिया नगर पालिका अंतर्गत कुल 18 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत पाण्डातराई अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 5 हजार 650 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 807, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 843 है। पाण्डातराई नगर पंचायत अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत पिपरिया अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 3 हजार 875 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 हजार 920, महिला मतदाताओं की संख्या 1 हजार 955 है। पिपरिया नगर पंचायत अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत इंदौरी अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 4 हजार 731 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 306, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 425 है। नगर पंचायत इंदौरी अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 4 हजार 691 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 297, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 394 है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत लोहारा अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 5 हजार 879 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 827, महिला मतदाताओं की संख्या 3 हजार 52 है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थी द्वारा किए जाने वाले निर्वाचन व्यय की सीमा निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार नगर पालिका परिषद कवर्धा, पंडरिया के लिए अध्यक्ष पद के लिए 8 लाख रूपए तथा नगर पंचायत इंदौरी, पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया और सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष पद के लिए 6-6 लाख रूपए व्यय-सीमा निर्धारित की गई है। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हेतु 15 हजार रूपए, अध्यक्ष नगर पंचायत हेतु 10 हजार रूपए, वार्ड पार्षद नगर पालिका परिषद हेतु 3 हजार रूपए एवं वार्ड पार्षद नगर पंचायत हेतु 1 हजार रूपए निर्वाचन लड़ने हेतु अभ्यर्थियों के लिए जमा की जाने वाली निक्षेप राशि है। परन्तु जहां कोई अभ्यर्थी महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है वहां विहित धनराशि का केवल आधा भाग निक्षेप राशि जमा करना होगा।

# जैन संगठन ने युवाओं को किया सम्मान

- हरितिमा संगठन के माध्यम से लगभग 11 हजार पौधरोपण कर चुके।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



यूथ-डे के अवसर पर भारतीय जैन संगठन कबीरधाम ने सुश्री भूमिका देसाई डिप्टी डायरेक्टर मुंगेली मुख्य आथित्य मे जैन स्थानक भवन में युवाओं का भाव भीना सम्मान किया गया। स्थानकवासी जैन संघ अध्यक्ष नेमीचंद श्रीश्रीमाल, श्वेतांबर मूर्ति पूजक जैन संघ अध्यक्ष अजय टाटिया, सुधर्म संघ अध्यक्ष संतोष बोथरा कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा दीप-प्रज्जवलन के उपरांत बीजेएस महिला शाखा अध्यक्ष रीतू बरडीया, सचिव पूजा बाठिया एवं प्रीति लुनिया ने मंगलाचरण किया।

वहीं अतिथियों का स्वागत सुनील लूनिया, विकास सेठिया, प्रतीक लूनिया, प्रशांत मोदी, अनिल लूनिया, विजित नाहटा, रीतू बरडीया, पूजा बोथरा व संगठन के नुमाइंदो द्वारा किया गया। निवर्तमान कबीरधाम जिला अध्यक्ष डॉ अतुल जैन ने नव पदस्थ पदाधिकारियों सुनील लूनिया, नयन झाबक, रीतू बरडीया, पूजा बाठिया को शपथ ग्रहण करा कर कार्यभार सौंपते हुए आगामी सफल कार्यकाल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

वहीं सचिव अमित बरडीया ने विगत दो वर्षो की उपलब्धि का ब्यौरा देते हुए सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर युवाओं ने भी उदगार व्यक्त करते हुए अपने अनुभव साझा किए साथ ही साथ नमन लुनिया ने अपने पुरुषार्थ से व्यवसाय को ऊंचाइयों पर पहुंचाया वहीं प्रथम प्रयास में ही सीए हुए अंकुश नाहर ने अपनी सफलता का श्रेय दादा-दादी व मां-पिता तथा गुरुजनों को दिया।

विपिन बैद के अनुसार अथक परिश्रम से कामयाबी के शिखर पर पहुंचा जा सकता है, मीना लुनिया ने बताया एक दरवाजा बंद भी हुआ तो दृढ़ मनोबल द्वारा अगले द्वार अपने आप ही खुल जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय गेम्स में भाग ले चुके युवा बाक्सर प्रखर मोदी ने चुनौतियों से सामना करने के गुर बताएं। परिपक्वता के अभाव में अनिर्णय की स्थिति उत्पन्न हो जाती है ऐसे वक्त में अभिभावक सम्यक मशविरा देवे अथवा काउंसलर के पास भेजें यह बात उज्जवल लुनिया ने कहीं।

विगत वर्षों अपने लद्दाख प्रवास में अजय लुनिया ने हरियाली पौधे के अभाव में ऑक्सीजन की कमी देखी। कर्मभूमि कवर्धा में आकर मित्रों साथियों के साथ हरितिमा संगठन के माध्यम से तकरीबन 11 हजार पौधे लगा चुके हैं साथ ही उसकी सुरक्षा पर भी कड़ी नजर रखी जाती है। नवजीवन रक्तदान ग्रुप, विहार सेवा दल आदि सामाजिक संस्थाओं से जुड़े विकास सेठिया ने जनरल नॉलेज एवं जबरन नॉलेज की व्याख्या प्रस्तुत करते हुए कहा की आत्म बल जागृत किया जाए तो 10-20 मीटर के लिए वाहन प्रयोग करने वाले चरित्र आत्माओं के साथ 10-15 किलोमीटर सरलता से पदयात्रा कर सकते हैं। अपरिहार्य कारणवश कार्यक्रम में अनुपस्थित जिला जज हिमांशु जैन के प्रेरणा स्पद वॉइस मैसेज से श्रोता लाभान्वित हुए।

मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर सुश्री भूमिका देसाई ने अपने उद्बोधन में कहा कि चंद नाकामयाबी से जरा भी भयभीत ना होवे। असफलता के गर्भ में ही सफलता छुपी होती है, जीवन में सुख-दुख उतार चढ़ाव आते रहेंगे इन्हें मेहमान की तरह मानकर कर्तव्य से कभी विमुख ना होवे। विशिष्ट अतिथि नेमीचंद श्रीश्रीमाल ने कवर्धा के गौरव बढ़ाने वाले युवाओं को बधाई दी।

## खबर संक्षेप



### ग्रामीण क्षेत्र के कृषक अरहर फसल की कटाई कार्य में जुटें

**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों खेती किसानी कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में ग्रामीण किसान अपनी उपज अरहर फसल परिपक्व होकर तैयार हो चुके अरहर फसल को खेत से कटाई कर ग्रामीण किसान ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से घर-कोठार में लाकर कच्ची अरहर फसल को सुखाने में जुटे हुए है। साथ ही साथ अरहर फसल की मिसाई कर एक-एक दाने को एकत्रित करने में जुटे हुए है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में अरहर फसल की भाव प्रति क्विंटल 8 से 9 हजार रूपए तक बिक रहा है वही गांव-गांव में अरहर का दाल कोचियां द्वारा प्रति किलो 100 में बिक रहे हैं वही दुकानों में 100 से 130 तक अरहर दाल प्रति किलो बिक रहा है, शहर सहित क्षेत्र में अरहर फसल की अच्छी पैदावार होने से अरहर का भाव अच्छी होने से ग्रामीण किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगी।

# माता-पिता की सेवा से भगवान प्रसन्न होते हैंः दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद

## 14 से 22 जनवरी तक पंच कुण्डीय श्री रूद्र व श्री शिव महापुराण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सरदार पटेल मैदान में आयोजित पंच कुण्डीय श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा में दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि भगवान श्री शिव की आठ मूर्ति हैं प्रकृति भी शिव स्वरूप होते हैं जो इनका पालन-पोषण करते हैं प्रकृति की सेवा करना भगवान श्री शिव की ही सेवा है। जो प्रकृति को दूषित करता है गंदा करता है नुकसान पहुंचता है वह शिव द्रोही है। प्रकृति को नुकसान पहुंचाना वह उच्च अपराधी है पापी है। भगवान शिव उसे दण्ड देते हैं, सारा संसार शिवमय है इसलिए सभी को शिव रुप मानकर सेवा और सम्मान करना चाहिए। उन्होने बताया कि सेवक सचराचर रुप रासि भगवंत सारे संसार को भगवान मय देखना भक्ति है, संसार की भगवद्भाव से सेवा करना भक्ति है। यही भगवान कृपा करके 12 द्वादश ज्योतिर्लिंगों के रूप में प्रगट हुए हैं। दक्ष ने अपने 27 कन्या का विवाह चन्द्रमा से किया था, चन्द्रमा रोहिणी को सबसे अधिक प्रेम करते थे और शेष पत्नियों की उपेक्षा करते थे। पक्षपात करना भेदभाव करना अपराध है, इससे घर नरक बन जाता है। दक्ष ने चंद्रमा को समझाया कुछ दिन बाद फिर वही उपेक्षा करने के कारण दक्ष ने शाप दिया कि चंद्रमा को क्षय रोग हो जाए। तब चंद्रमा ने भगवान श्री शिव की आराधना की, तपस्या की तब भगवान शंकर प्रगट हुए और आशीर्वाद दिया तथा क्षय रोग को घटने बढ़ने वाला कर दिया। वहीं शंकर भगवान सोमनाथ ज्योतिर्लिंग प्रथम ज्योतिर्लिंग की स्थापना हुई। भगवान श्री शिव-पार्वती के विवाह के बाद भगवान कार्तिकेय और गणेश दोनों पुत्र हुए दोनों के विवाह के संदर्भ में श्री गणेश ने माता-पिता कि परिक्रमा की और भगवान श्री गणेश का पहले विवाह हुआ। माता-पिता में सारे तीर्थ निवास करते हैं जो माता-पिता की सेवा करते हैं, उनसे भगवान प्रसन्न होते हैं। 12 द्वादश ज्योतिर्लिंगों के प्राकट्य की कथा विस्तार से वर्णन किया गया। छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक, अपूर्व और अद्वितीय सवा लाख शिवलिंग का मंदिर बन रहा है, जिसमें 5100 रुपए देकर पति-पत्नी अपने नाम से या अपने पूर्वजों के नाम से या अपने बच्चों के नाम से एक शिवलिंग की स्थापना करा सकते हैं या अपने परिवार के किसी भी सदस्य के नाम से शिवलिंग की स्थापना करा सकते हैं। शिवलिंग आपके नाम से रहेगा। यज्ञ-हवन में भण्डारे के लिए चांवल, तिल, जौ, गुड़ व गाय का घी दान करना तथा भण्डारे के लिए चांवल, दाल, आटा, तेल व सब्जी और धन का दान करें।





## कक्षा 10 व 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित

**हरिभूमि कुकदूर।** जिले के हाई व हॉयर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा 10वी व 12वी की प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू हो गई है। वहीं हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल ग्राम कुकदूर में कक्षा 10 वी में कुल 104 विद्यार्थी दर्ज है जिसमें 4 अनुपस्थित व 100 उपस्थित रहें। इसी प्रकार कक्षा 12वी में कुल 114 छात्र छात्राओं में 112 शामिल हुए तथा 2 अनुपस्थित थें। परीक्षा प्रभारी राधाशरण सिंह क्षत्री ने बताया कि यह परीक्षा बोर्ड के अनुरूप ली गई। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आने वाले बोर्ड की मुख्य परीक्षा से परिचित करना है।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## सोलर ऊर्जा से स्कूल जगमग हुए शासकीय प्राथमिक शाला पथर्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला पथर्रा में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। परंपरा अनुरुप सम्मेलन की शुरूआत मां भारती व सरस्वती माता के तैलचित्र पर दोप प्रज्वलित कर किया गया। शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने उपस्थित अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भगत मेरावी, उपाध्यक्ष धनराज साहू, शाला प्रधान पाठक विनोद चंद्रवंशी, शिक्षक शिवकुमार चंद्रवंशी, रोहित साहू एवं भागवत साहू ने पालकों से परिचर्चा की। अध्यक्ष भगत मेरावी ने पालकों को बच्चों की शिक्षा पर निरंतर ध्यान रखने प्रेरित किया, उन्होंने पालकों को रजिस्टर हाथ में लेकर समझाया की जो पालक पड़े-लिखे नहीं भी हैं वे भी बच्चों के कॉपी पर पेन से निशान बनाने कहा जिससे बच्चे को यह लगे की पालक भी हमारे गृहकार्य पर नजर रखते हैं, जिससे वे घर में भी पढ़ाई पर ध्यान दें।

## निधन- ललित कुमार शर्मा



**हरिभूमि कवर्धा।** बहरमुड़ा निवासी ललित कुमार शर्मा का 76 वर्ष की आयु में मंगलवार को निधन हो गया। स्व. ललित कुमार शर्मा का अंतिम संस्कार कवर्धा स्थित मुक्तिधाम में किया गया जिस पर गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर भावभीवी श्रद्धाजंलि दी। स्व. श्री शर्मा महासमुंद के पूर्व पार्षद शोभा शर्मा के पति व पत्रकार परितोष शर्मा व आशुतोष शर्मा के पिता थे। उनके निधन से शर्मा परिवार में भारी शोक व्याप्त है।

## जिले के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च आयोजित किया

# आदर्श आचार संहिता के तहत शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने पुलिस ने निकाली फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव 2025 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कबीरधाम पुलिस द्वारा मंगलवार को जिले के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च आयोजित किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान शांति और सुरक्षा का संदेश देने के लिए यह फ्लैग मार्च किया गया, इसका उद्देश्य समाज में कानून-व्यवस्था का माहौल बनाए रखना और नागरिकों में विश्वास पैदा करना है। पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त करते हुए लोगों से संवाद स्थापित किया और उन्हें आश्वस्त किया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि को सख्ती से रोका जाएगा। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा आयोजित इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल ने किया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस संजय ध्रुव, प्रतीक चतुर्वेदी एवं कृष्णकुमार चंद्राकर भी शामिल थें। फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी निरीक्षक लालजी सिंह, अरविंद साहू, लालमन साव, महिला थाना प्रभारी शांता लकड़ा सहित अन्य थाना प्रभारियों ने अपने दल के साथ भाग लिया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। पुलिस ने अवैध गतिविधियों जैसे शराब वितरण, हथियारों का प्रदर्शन, धनबल का उपयोग और मतदाताओं को डराने-धमकाने जैसी संभावित घटनाओं पर विशेष नजर रखने की बात कही। कबीरधाम पुलिस ने जनता से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी आश्वासन दिया कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न होगी।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**घेराव:** स्कूल की प्रभारी प्राचार्या पर बच्चों से दबाव पूर्वक शौचालय साफ कराए जाने सहित अन्य आरोप

# ग्राम दुल्लापुर बाजार के स्कूली बच्चों ने घेरा जिला कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम दुल्लापुर बाजार में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने स्कूल की प्रभारी प्राचार्या पर दबाव पूर्वक विद्यार्थियों से शौचालय साफ कराए जाने सहित स्कूल में व्याप्त अन्य कई समस्याओं को लेकर मंगलवार को जिला कार्यालय का करीब 3 घंटे तक घेराव कर दिया। विद्यार्थी आरोपी प्राचार्या को बर्खास्त करने तथा उसे संरक्षण देने वाले जिला शिक्षा अधिकारी पर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम दुल्लापुर बाजार शासकीय उच्चतर माध्मिक विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों का आरोप है कि उनके स्कूल में पदस्थ प्रभारी प्राचार्या मंजूला तिवारी द्वारा स्कूली बच्चों से दबाव पूर्वक स्कूल का शौचालय साफ कराया जाता है। बच्चों की शिकायत यह भी है कि स्कूल में उनके मनमानी फीस वसूली जाती है। वहीं स्कूल की प्रयोग शाला में न तो कभी प्रेक्टिल होता है और न ही अभी तक बच्चों का कोर्स भी पूरा कराया गया है जबकि 1 मार्च से बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाला है। अपनी इन तमाम शिकवा शिकायतों को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में पहुंचे स्कूली छात्र-छात्राओं ने बताया कि उन्होने पूर्व में भी गत 6 जनवरी को इसकी शिकायत अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया तथा जिला शिक्षा अधिकारी सहित कलेक्टर से की थी। जिस पर प्रशासन द्वारा 9 जनवरी को एक जांच टीम स्कूल भेजी थी लेकिन जांच टीम ने स्कूल में पहुंचने के बाद सिर्फ जांच की औपचारिकता पूर्व कर लौट गई। विद्यार्थियों ने बताया जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल की प्रभारी प्राचार्या को बचाने की मंशा से अवकाश पर भेज दिया है। इसके अलावा किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे विद्यार्थियों में खासा असंतोष तथा नाराजगी देखी जा रही है। यहीं वजह है कि मंगलवार को अपनी पढ़ाई लिखाई छोड़कर दुल्लापुर बाजार के विद्यार्थी नारेबाजी करते हुए सीधे जिला कार्यालय पहुंच गए और प्रभारी प्राचार्य को बर्खास्त कर उसे संरक्षण देने वाले जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग करने लगे। प्रशासन द्वारा स्कूली बच्चों की मांग व समस्याओं को सुनने के बाद उन्हें कार्यवाही का भरोसा दिलाया गया है।

## बेवजह शिक्षकों को थमाया गया नोटिस



अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर जिला कार्यालय पहुंचे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुल्लापुर बाजार के विद्यार्थियों ने आरोप लगाया है कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिस प्राचार्या के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए वे उस पर तो कार्यवाही नहीं कर रहे हैं उल्टा स्कूल में पदस्थ जो शिक्षक अच्छा काम कर रहे है उन्हें बेवजह नोटिस थमाया जा रहा है। जिससे साफ जाहिर होता है कि डीईओ प्राचार्या को बचाना चाहते हैं और कार्यवाही के नाम पर कुछ करते हुए दिखाना चाहते हैं। विद्यार्थियों ने सीधे तौर पर जिला प्रशासन के मुखिया से प्राचार्या को बर्खास्त करने तथा उन्हें संरक्षण देने वाले डीईओ के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### जिले के सरकारी स्कूलों की स्थिति दयनीय, सुधार की जरूरत

यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में संचालित सरकारी स्कूलों पदस्थ प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य तथा शिक्षकों की मनमानी का यह कोई पहला मामला नहीं है। देखा जाए तो हाल के कुछ महिनो में ही जिले के सरकारी स्कूलों में अध्यनरत छात्राओं के साथ छेड़छाड़, दुष्कर्म, शैक्षणिक कार्यो के प्रति शिक्षकों की लापरवाही, स्कूलों में व्याप्त मूलभूत सुविधाओं का आभाव, बच्चों से स्कूल में साफ सफाई करने जैसे कई मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि शासन, प्रशासन और स्कूली शिक्षा विभाग जिले के इन सरकारी स्कूलों की स्थिति और व्यवस्था सुधारने तथा विभाग में कसावट लाने के प्रति कोई रूचि नहीं दिखा रहा है।



# जिले में सरसों तेल की गुणवत्ता की जांच के लिए अभियान जारी

- विभाग ने जिले की दुकानों से सरसों तेल के तीन नमूने संकलित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला कबीरधाम में सरसों तेल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जांच अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार नेले और खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार साहू ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कन्हैया प्रोविजन एवं जनरल स्टोर्स, फार्चुन भवानी ट्रेडर्स और अग्रवाल किराना, उडियाखुर्द से सरसों तेल के तीन नमूने संकलित किए गए। इन नमूनों को गुणवत्ता जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। यह कदम सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि आम जनता को अच्छी गुणवत्ता का खाद्य तेल प्राप्त हो।

राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित प्रतिष्ठानों और विनिर्माताओं के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और नियम विनियम 2011 के प्रावधानों के तहत उचित कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, खाद्य व्यापारियों को निर्देशित किया गया है कि वे मानक गुणवत्ता की खाद्य सामग्री का विक्रय करें, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, और बिना अनुज्ञप्ति या पंजीयन के व्यापार न करें। इस अभियान में सहायक ग्रेड बिसौहा राम धुर्वे भी उपस्थित रहे। इस प्रकार का निरीक्षण और जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि जनता को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री प्राप्त हो सके।

## खबर संक्षेप

### अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे कार्यालय

**कवर्धा।** नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, और मतदान तिथियां घोषित कर दी गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने कबीरधाम जिले के सभी सरकारी कार्यालयों को अवकाश के दिनों में भी खुले रखने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में बताया गया है कि कार्यालय प्रमुख को निर्देशित किया गया है कि अवकाश के दिनों में भी डाक प्राप्त करने के लिए कर्मचारी की ड्यूटी लगाकर कार्यालय को सूचित किया जाए। सभी कार्यालय प्रमुखों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधिनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के निवास का पूर्ण पता और दूरभाष जानकारी कार्यालय में रखें, ताकि किसी भी समय निर्वाचन संबंधी डाक की तामिली की जा सके।

### कलेक्टर के अनुमति बिना अवकाश नहीं

**कवर्धा।** आगामी नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के सफल संचालन के लिए बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों की आवश्यकता पड़ेगी। इस संदर्भ में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आदेश जारी किया है कि कोई भी अधिकारी, कर्मचारी अर्जित अवकाश या अन्य अवकाश कलेक्टर की पूर्व अनुमति के बिना कार्यालय प्रमुख द्वारा स्वीकृत नहीं किया जा सकेगा। अवकाश आवेदन पत्र को कार्यालय प्रमुख द्वारा उचित कारणों के आधार पर परीक्षण करने के बाद ही कार्यालय को प्रेषित किया जाएगा। सीधे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# शिकार करने गए ग्रामीण की करंट जाल के चपेट में आने से मौत

## मामले का खुलासा होने पर 11 आरोपी किए गए गिरफ्तार



- मृतक के साथियों ने मध्यप्रदेश के जंगल में छिपाया ग्रामीण का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेंदुरखार निवासी एक ग्रामीण का शव कुकदुर पुलिस ने मध्यप्रदेश के बजाग थाना क्षेत्र स्थित धुरकुटा के जंगल से बरामद किया है।

बताया जाता है कि पुलिस ने इस मामले में कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और अब इन गिरफ्तार आरोपियों को बजाग पुलिस के हवाले किए जाने की तैयारी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते करीब हप्तेभर पूर्व करीब 17 जनवरी को कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेंदुरखार का निवासी महर सिंह बैगा अपने 11 साथियों के साथ शिकार करने जंगल गया था।

बताया जाता है कि इसी दौरान महर सिंह की शिकार के लिए जंगल में लगाए गए करंट प्रवाहित जाल की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना के उसके साथ डर गए और पुलिस की कार्यवाही से बचने के लिए उन्होने मृत महर सिंह के शव को सीमावर्ती मध्यप्रदेश के बजाग थाना क्षेत्रांतर्गत धुरकुटा के जंगल में एक दलदल नुमा स्थान पर गीली मिट्टी के नीचे दबा दिया। इतना ही नहीं उसके साथियों ने शव को कोई खोज न पाए इस मंशा से शव के ऊपर एक मरे हुए मवेशी को भी रख दिया और वापस अपने गांव लौट आए। लेकिन जब उनके साथ गए महर सिंह बैगा के वापस नहीं लौटने की जानकारी उसके परिजनो को लगी तो उन्होने उसकी गुमसुदगी कुकदुर थाना में दर्ज करा दी। जिसके बाद पुलिस ने अपनी जांच शुरू की और इस बात का पता लगाया कि महर सिंह बैगा किन-किन लोंगों के साथ जंगल गया था। पुलिस ने इस मामले में कुल 11 लोगों को हिरासत में लेकर उनसे कड़ा से पूछताछ की और आरोपियों ने पूरे मामले का खुलासा कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतक का शव भी बरामद कर लिया। लेकिन बताया जाता है कि घटना स्थल मध्यप्रदेश के बजाग थाना अंतर्गत आने के कारण अब पुलिस पूरे मामले और आरोपियों को बजाग पुलिस के सुपुर्त करने की तैयारी कर कर रही है।

### शव को करीब 10 किलो मीटर ले गए

बताया जाता है कि मृतक महर सिंह बैगा की मौत ग्राम सेंदुरखार से निकलने के कुछ समय बाद ही सेंदुरखार के जंगल में करंट प्रवाहित जाल के चपेट में आने से हो गई थी। लेकिन उसके साथियों ने पुलिसिया कार्यवाही के डर से जानबूझ कर मृतक के शव को करीब 10 किलो मीटर दूर मध्यप्रदेश के जंगल में छिपाया ताकि शव किसी के नजर में न आए और वे बच जाएं। लेकिन मामला उजागर होने के बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# वनांचल के उपभोक्ताओं को सरकारी राशन दुकान से नहीं मिल पा रही है नियमित रूप से शक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान

वनांचल ग्राम कोदवागोड़ान में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के राशन कार्डधारियों को नियमित रूप से शक्कर नहीं मिलने से लोगों को बाजार से मंहगे दामो में शक्कर खरीदनी पड़ रही है जिसे लेकर ग्रामीणों में खासी नाराजगी देखी जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कोदवागोड़ान की शासकीय उचित मूल्य की दुकान बीते दो तीन महिनो से शक्कर की सप्लाई नहीं हो रही है। इस संबंध में खाद्य विभाग से शिकवा शिकायत किए जाने पर जानकारी मिली है कि उचित मूल्य की दुकान संचालक द्वारा समय पर डीडी नहीं भेजा जा रहा है जिसके कारण शक्कर की सप्लाई नहीं हो पा रही है। जिसका खामियाजा राशन कार्डधारियों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी प्रकार उन्हें सरकारी चावल के लिए भी कई-कई बार दुकान के चक्कर काटने पड़ते हैं कई सरवर फैल हो जाता है तो कभी कोई और परेशानी खड़ी हो जाती है।



यही हाल शक्कर भी है उपभोक्ता महज एक किलो ग्राम शक्कर के लिए उचित मूल्य की दुकान के चक्कर काट रहे है लेकिन उन्हे नियमित रूप से शक्कर नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों प्रशासन तथा दुकान संचालक से व्यवस्था दुरूस्थ कर नियमित रूप से शक्कर आबंटित कराए जाने की मांग की है।

## खेड़ापति हनुमान मंदिर समिति की बैठक आयोजित...

**कवर्धा।** नगर के मारुतिवार्ड स्थिति सिद्धपीठ खेड़ापति हनुमान मंदिर का जीर्णोद्वार किया जा रहा है। जिसके लिए मंदिर समिति के सदस्यों की बैठक गत सोमवार को मंदिर परिसर में आयोजित की गई। जहां मंदिर के जीर्णोद्वार सहित आगामी आयोजन को लेकर चर्चा की गई। उपस्थिति सदस्यों ने एक-एक कर अपनी-अपनी राय दी। मंदिर के पुजारी पं चंद्रकिरण तिवारी ने बताया कि धीरे-धीरे कर श्रद्धालुओं के सहयोग से मंदिर निर्माण किया गया है। वर्तमान में कई कार्य बाकी है। जिसे सभी के सहयोग से पूरा किया जाएगा। इनमें मंदिर के सामने डोम बनाना भी प्रस्तावित है, जिसके बनने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बारिश, गर्मी में सुविधा मिलेगी साथ ही मंदिर की शोभा बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि मंदिर में मरम्मत सहित कई कार्य है। जिसे भी किया जाना बाकी है। उन्होंने श्रद्धालुओं से मंदिर में मानस हॉल निर्माण के लिए सहयोग की अपील की। बैठक के दौरान मंदिर पहुंच मार्ग के लिए संकेतक लगाने का भी सुझाव दिया गया। चंद्रकिरण तिवारी ने बताया कि अन्य जिले से आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने के परेशानी होती है। ऐसे में शहर के बिलासपुर मार्ग, करपात्री चौक, सकरहाघाट की ओर संकेतक लगाने की बात रखी गई। बैठक में बड़ी संख्या में समिति के सदस्य शामिल थे।



आदर्श आचार संहिता के पालन पर दिए निर्देश, की गई चुनावी तैयाारियों की समीक्षा

# कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ली जिले के अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उनके दायित्वों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील प्रक्रिया है, जिसके निष्पक्ष और सुचारु संचालन के लिए सभी अधिकारियों को प्रतिबद्ध रहना होगा। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में आचार संहिता के उल्लंघन की किसी भी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की जाए।



बैठक में जिले के सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और सतर्कता से निभाने का आश्वासन दिया। से सुबह 6 बजे तक प्रचार-प्रसार बंद रहेंगे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, अपर कलेक्टर श्रीमती मोनिका कौड़ो, मुकेश रावटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीएम संदीप ठाकुर, विनय पोयाम, सुश्री आकांक्षा नायक, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, सुश्री हर्षलता वर्मा, गीता रायस्त सहित अधिकारी उपस्थित थे।

# कवर्धा में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने कलेक्टर ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी गोपाल वर्मा ने कबीरधाम जिले में नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 की घोषणा के साथ आदर्श आचरण संहिता लागू होने के मद्देनजर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से आवश्यक आदेश जारी किए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान भय और आतंक का वातावरण न बने, इसे सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों को अपने-अपने आग्नेय शस्त्र नजदीकी पुलिस थाने में तीन दिनों के भीतर जमा कराना अनिवार्य होगा। यह आदेश जिले के निवासियों के साथ-साथ बाहर से जिले में आने वाले लाइसेंस धारकों पर भी लागू होगा। सभी लाइसेंसधारक आचार संहिता समाप्ति के बाद अपने शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगे।

इस आदेश में संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों, विशेष सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों, मान्यता प्राप्त बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड को छूट दी गई है। जिन व्यक्तियों को सुरक्षा की दृष्टि से शस्त्र की आवश्यकता है, वे जिला निर्वाचन कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

ऐसे मामलों में जिला कमेटी द्वारा निर्णय लिया जाएगा कि उन्हें इस आदेश से मुक्त रखा जाए या नहीं। छूट प्राप्त व्यक्तियों को भी अपने शस्त्र संबंधित थाने में पंजीकृत कराने होंगे और बिना थाना प्रभारी की अनुमति के अपने परिसर की सीमा से बाहर ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।

चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति तक जिले में सभी शस्त्र लाइसेंस निलंबित रहेंगे, सिवाय विशेष छूट प्राप्त व्यक्तियों के। थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जमा किए गए शस्त्रों का उचित पंजीकरण सुनिश्चित करें, पावती प्रदान करें, और उनकी सुरक्षा करें। चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के एक सप्ताह के भीतर शस्त्र लौटाना अनिवार्य होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा का यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है, ताकि जिले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सके।